संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 260
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
मंगलवार 24 नवम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



भारत–नेपाल की दोस्ती को बड़ा तोहफा : पीमए मोदी ने किया 24 हजार करोड़ नेपाली रुपये पैकेज का ऐलान, बोले–

दोनों देशों का रिश्ता अटूट विश्वास का

सरयू–कमला एक्सप्रेस से मजबूत होंगे भारत–नेपाल के रिश्ते

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और नेपाल के रिश्तों में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के आर्थिक विकास और पुनर्निर्माण में सहयोग का बड़ा ऐलान करते हुए 24 हजार करोड़ नेपाली रुपये के डेवलपमेंट कोऑपरेशन पैकेज की घोषणा की है। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के भारत दौरे के दौरान हुई द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने भारत–नेपाल के रिश्तों को श्अटूट विश्वास और अपनेपन का रिश्ताश बताते हुए कहा कि दोनों देशों की खुशियां और चुनौतियां साझा हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और वहां पुनर्निर्माण कार्यों को गति देने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने नेपाल में अगस्त में आई



विनाशकारी बाढ़ का जिक्र करते हुए जनहानि पर संवेदना व्यक्त की। साथ ही नेपाल के पुनर्निर्माण और दीर्घकालिक विकास को मजबूती देने के लिए 24 हजार करोड़ नेपाली रुपये के विकास सहयोग पैकेज की घोषणा की। पीएम मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के पहले द्विपक्षीय विदेश दौरे के लिए भारत को चुनने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि यह दोनों देशों की गहरी दोस्ती और आपसी विश्वास को दर्शाता है। पीएम मोदी ने बालेन शाह की दूरदर्शिता और नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि कुछ महीने पहले संयुक्त राष्ट्र में उनके संबोधन से नेपाल के भविष्य को लेकर उनकी सोच की झलक मिली थी। पिछले कुछ घंटों की बातचीत में भी उन्होंने भारत–नेपाल संबंधों के प्रति उनकी स्पष्ट सोच और प्रतिबद्धता को महसूस किया। भारत और नेपाल के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों का रिश्ता केवल पड़ोस का नहीं, बल्कि अपनेपन और अटूट विश्वास का है। दोनों देश एक–दूसरे की प्रगति के साझेदार हैं और मुश्किल समय में एक–दूसरे का सहारा बनते हैं। उन्होंने कहा कि नेपाल की जनता ने इस वर्ष जो ऐतिहासिक जनादेश दिया है, वह वहां की नई पीढ़ी की आकांक्षाओं और उम्मीदों को दर्शाता है। द्विपक्षीय बैठक से पहले हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के बीच विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने और सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की गई। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले दोनों प्रधानमंत्रियों ने अयोध्या और नेपाल के जनकपुर को जोड़ने वाली श्सरयू–कमलाश ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसे दोनों देशों के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक और परिवहन संपर्क को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम के रूप में देखा जा रहा है।

● योगी बोले,नेपाली श्रद्धालु कर सकेंगे रामलला के दर्शन

लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि अयोध्या को नेपाल के जनकपुर से जोड़ने वाली सरयू कमला एक्सप्रेस से दोनों क्षेत्रों के बीच प्राचीन धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों में मजबूती आएगी जिससे नेपाली श्रद्धालु राम लला के दर्शन के लिए आ सकेंगे और भारतीय श्रद्धालु मां जानकी का आशीर्वाद लेने जा सकेंगे। यहां अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने इस रेल सेवा को दो संस्कृतियों का पवित्र और पौराणिक संगम बताते हुए कहा कि इससे भारत और नेपाल के बीच शताब्दियों पुराने संबंध और मजबूत होंगे। उन्होंने कहा, इस रेल सेवा से नेपाल से



श्रद्धालु सीधे राम लला का दर्शन करने आ सकेंगे, जबकि भारत से श्रद्धालु जनकपुर धाम जा सकेंगे और माता जानकी का आशीर्वाद ले सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो संस्कृतियों के पवित्र और पौराणिक संगम को आज सरयू कमला एक्सप्रेस के रूप में पुनर्जीवित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल के संबंध आपस में आस्था, लगाव, नदियों और परिवारों में हजारों वर्षों से हैं जिसे रोटी–बेटी का संबंध कहा जाता है। अवध और मिथिला के बीच परंपरागत संबंध ा को याद करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या में लोग जनकपुर को अपने रिश्तेदारों का घर मानते हैं, जबकि मिथिला में लोग भगवान राम को पाहुन (दामाद) मानते हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण का जनकपुर में राजा दशरथ के पास आगमन और वहां से बारात निकलने का जश्न विवाह पंचमी और अन्य त्यौहारों के जरिए आज भी मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां जनकपुर में राम जानकी विवाह मंडप में विवाह पंचमी के दौरान ये समारोह होते हैं, वहीं अयोध्या में मंगल गीत गाए जाते हैं। योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर आंदोलन में नेपाल के योगदान को यह कहते हुए याद किया कि पड़ोसी देश के संतों, युवाओं, महिलाओं और आम भक्तों के बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान जनकपुर धाम से सैकड़ों भक्त उपहार और गहरी आस्था के साथ अयोध्या आए थे। भारत और नेपाल के बीच गहरे आध्यात्मिक संबंध को रेखांकित करते हुए आदित्यनाथ ने नेपाल में पशुपतिनाथ मंदिर, वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर का संदर्भ दिया और कहा कि ये दोनों एक आध्यात्मिक सेतु से जुड़े हैं। उन्होंने मकर संक्रांति पर नेपाल से गोरखनाथ मंदिर में भेजे जाने वाली खिचड़ी और चौत्र नवरात्रि के दौरान उत्तर प्रदेश में देवीपाटन शक्तिपीठ में नेपाल से श्रद्धालुओं के आगमन का भी जिक्र किया।

दिल्ली प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, जस्टिस बागची बोले- राजधानी में सिर्फ बीएस-6 चलें

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह दिल्ली में केवल उन्हीं वाहनों के प्रवेश को सीमित करने के पक्ष में है जो बीएस–6 उत्सर्जन मानकों का पालन करते हैं। कोर्ट ने कहा कि वह चाहती है कि राष्ट्रीय राजधानी (और संभवतः पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी NCR) में केवल बीएस–6 वाहनों का ही परिचालन हो। यह टिप्पणी दिल्ली में वायु प्रदूषण संकट पर सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने की। इस दौरान कोर्ट प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर लगाई गई पाबंदियों, और बीएस–6 वाहनों के मालिकों को पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट लेने तथा ईंधन प्राप्त करने में आ रही दिक्कतों पर विचार कर रही थी। न्यायमूर्ति बागची ने टिप्पणी की, हमारा रुख स्पष्ट है, हम दिल्ली में केवल बीएस–6 वाहनों को ही चलने देंगे, भले ही छब्ब में ऐसा न हो। यह टिप्पणी तब आई जब एक वकील ने अदालत को बताया कि बीएस–6 वाहनों के संबंध में एक अर्जी दाखिल की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि अधिकारियों ने इन वाहनों के लिए पीयूसी टेस्ट करना बंद कर दिया है। वकील ने दलील दी कि इससे वाहन मालिकों के सामने गंभीर मुश्किलें खड़ी हो गई हैं, और कुछ लोगों को तो ईंधन (तेल) भी नहीं मिल पा रहा है। इस दलील पर प्रतिक्रिया देते हुए, जस्टिस बागची ने बताया कि इन पाबंदियों का मकसद यह सुनिश्चित करना था कि दिल्ली में केवल वही वाहन चलें जो कड़े बीएस–6 उत्सर्जन मानकों को पूरा करते हों। हालांकि, भारत के मुख्य न्यायाधीश (ब्श्र) ने कहा कि अदालत इस मामले में कम से कम एक महीने तक यथास्थिति बनाए रखेगी और अभी तुरंत कोई दखल नहीं देगी। सीजेआई ने कहा कम से कम एक महीने के लिए इस मामले में यथास्थिति बनी रहने दें। हम इसमें दखल नहीं देना चाहते। दिल्ली ने अपने श्विंटर एक्शन प्लानश और प्रदूषण–रोधी उपायों के तहत, 1 नवंबर से राष्ट्रीय राजधानी के बाहर रजिस्टर्ड उन पेट्रोल और डीजल वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है जो ठै–टप् मानक के नहीं हैं। इसके लिए बॉर्डर पर कड़ी जांच की जा रही है।

कर में राहत, फिर भी नहीं बढ़ाया वेतन

कंपनियों पर पीएम मोदी की बात का शशि थरूर ने समर्थन किया

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने प्रधानमंत्री (पीएम) नरेंद्र मोदी की बात का समर्थन किया है। पीएम मोदी ने भारतीय कंपनियों पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि कंपनियों ने कर (टैक्स) में छूट मिलने के बाद भी रोजगार नहीं बढ़ाए। कर्मचारियों का वेतन भी नहीं बढ़ाया। शशि थरूर ने कहा, देश में रोजगार की स्थिति बेहद खराब है। खासकर पढ़े–लिखे युवाओं के लिए हालात मुश्किल हैं। उन्होंने सरकार के नियमों और भ्रष्टाचार पर भी सवाल उठाए। साथ ही मोदी के पुराने नारे 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' पर तंज कसा। थरूर ने यह बातें केरल के तिरुवनंतपुरम में कहीं। उन्होंने कहा कि कर में राहत मिलने के बाद कंपनियों ने अपना वादा पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री की बात देश की आर्थिक स्थिति की सच्चाई दिखाती है।

कंपनियों ने अपना वादा क्यों नहीं निभाया?

थरूर ने कहा, मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री ने जो कहा, वह सच्चाई है। कंपनियों के



पास इसका अपना बचाव हो सकता है। लेकिन जहां तक मैं उनकी बात समझता हूं, सरकार ने कंपनियों को ज्यादा निवेश करने के लिए कर कम किए। ताकि वे ज्यादा रोजगार दें और वेतन बढ़ाएं। लेकिन कंपनियों ने अपने हिस्से का वादा पूरा नहीं किया। थरूर ने नौकरी तलाश रहे लोगों की परेशानी बताई। उन्होंने खासकर कॉलेज से पढ़कर निकले युवाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि रोजगार की स्थिति पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। थरूर ने कहा, लोग हमें बताते हैं कि नौकरी मिलना बहुत मुश्किल है। उदाहरण के लिए, पहली बार ऐसा हुआ कि आईआईटी के एक छात्र को नौकरी नहीं मिली। मेरा मतलब है कि पहले ऐसी बात सुनने को नहीं मिलती थी। इससे पता चलता है कि रोजगार का माहौल, खासकर कॉलेज से पढ़े युवाओं के लिए, बेहद खराब है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने की जरूरत है। सरकार और कंपनियों के बीच आर्थिक विकास की जिम्मेदारी को लेकर जो बहस चल रही है, उस पर नजर रखनी चाहिए। थरूर ने कहा, अगर प्रधानमंत्री कंपनियों पर सवाल उठा रहे हैं और कंपनियां सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना चाहती हैं, तो इस पर नजर रखी जा सकती है। हमारा मानना है कि सरकार कुछ काम बेहतर तरीके से कर सकती है।

10 करोड़ की जमीन धोखाधड़ी में वांछित मुकेश बेलानी महाराष्ट्र के खोपोली से अरेस्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के एक कारोबारी से उत्तराखंड में जमीन का सौदा करने के नाम पर कथित तौर पर 11.10 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में वांछित गुजरात के 42 वर्षीय व्यक्ति को महाराष्ट्र के खोपोली से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस अपराध शाखा के अनुसार, आरोपी एक साल से अधिक समय से खोपोली में छिपा हुआ था और उसकी पहचान मुकेश एल बेलानी के रूप में हुई है। दिल्ली की एक अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था और उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) संजीव कुमार यादव ने बताया कि एक महीने से अधिक समय तक चले अभियान के बाद आरोपी का पता लगाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। खोपोली मुंबई से करीब 90 किलोमीटर दूर स्थित है। उनके मुताबिक, इस मामले में 27 मई, 2025 को सुभाष प्लेस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

सार्वजनिक सिस्टम पर व्हाट्सऐप वेब खुला छोड़ने पर साइबर धोखाधड़ी का खतरा, गृह मंत्रालय ने चेताया

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने सोमवार को चेतावनी दी कि सार्वजनिक कंप्यूटर या किसी साझा उपकरण पर व्हाट्सऐप वेब का इस्तेमाल करने के बाद लॉगआउट नहीं करने से साइबर अपराधी उपयोगकर्ताओं के अकाउंट पर कब्जा कर सकते हैं और वे निजी बातचीत पढ़ने, उपयोगकर्ता की पहचान का दुरुपयोग करने और धोखाधड़ी जैसी गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की साइबर अपराध निरोधक इकाई 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र '(आई4सी) ने अपने नवीनतम परामर्श में यह चेतावनी जारी की है। आई4सी की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई (एनसीटीएयू) ने आगाह किया कि पहले से लॉगइन किए गए व्हाट्सऐप वेब सत्र का इस्तेमाल कर साइबर अपराधी किसी अकाउंट तक अनधिकृत पहुंच हासिल कर सकते हैं। इसके जरिए वे उपयोगकर्ता के संदेश पढ़ सकते हैं, उसकी पहचान का इस्तेमाल कर दूसरों को संदेश भेज सकते हैं तथा संपर्क सूची और समूहों में होने वाली बातचीत तक पहुंच बना सकते हैं। परामर्श में कहा गया है कि साइबर अपराधी उपयोगकर्ता की विश्वसनीय पहचान का दुरुपयोग कर वित्तीय धोखाधड़ी, फिशिंग और सोशल इंजीनियरिंग जैसे साइबर हमलों को भी अंजाम दे सकते हैं। सरकार ने स्पष्ट किया कि केवल ब्राउजर की विंडो या टैब बंद कर देने से व्हाट्सऐप वेब का लॉगइन सत्र समाप्त नहीं होता। इसलिए उपयोगकर्ताओं को हर बार इस्तेमाल के बाद स्वयं लॉगआउट करना चाहिए। परामर्श में कहा गया है, ''उपयोगकर्ताओं को व्हाट्सऐप वेब का इस्तेमाल करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, खासकर कार्यालय के कंप्यूटर, साझा सिस्टम, सार्वजनिक कंप्यूटर या ऐसे उपकरणों पर जिन तक अन्य लोगों की पहुंच हो सकती है।'' इसमें कहा गया है, ''व्हाट्सऐप वेब पर आधिकारिक या संवेदनशील कामकाज करने से बचें। सरकारी, संगठनात्मक, वित्तीय, गोपनीय या अन्य संवेदनशील सूचनाओं का आदान–प्रदान कंप्यूटर पर व्हाट्सऐप वेब के जरिए करने से यथासंभव बचना चाहिए।''

अभिषेक बनर्जी को हाई कोर्ट से राहत, 6 आपराधिक मामलों में 26 फरवरी 2027 तक अंतरिम सुरक्षा

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की राजनीति से जुड़ी एक अहम खबर में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी को कलकत्ता हाई कोर्ट से राहत मिली है। अदालत ने राज्य के अलग–अलग पुलिस थानों में दर्ज छह आपराधिक मामलों में उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई से मिली अंतरिम सुरक्षा की अवधि बढ़ा दी है। अब यह राहत 26 फरवरी 2027 तक या अदालत के अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी। सोमवार, 23 नवंबर को जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने अभिषेक बनर्जी की ओर से दाखिल दो अलग–अलग याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। ये मामले इस साल मई के बाद उनके खिलाफ दर्ज किए गए थे। अदालत ने कहा कि संबंधित मामलों की जांच अभी पूरी नहीं हुई है और मौजूदा परिस्थितियों में ऐसा कोई बदलाव सामने नहीं आया है, जिसके आधार पर अंतरिम राहत



को आगे बढ़ाने से इनकार किया जाए। अभिषेक बनर्जी को मिली राहत छह आपराधिक मामलों से संबंधित है। इनमें से तीन मामलों में अंतरिम सुरक्षा 25 अगस्त को दी गई थी। ये प्राथमिकी भवानीपुर, विष्णुपुर और कालीतला पुलिस थानों में दर्ज हैं। इन मामलों में पुलिस को अभिषेक बनर्जी के खिलाफ फिलहाल दंडात्मक या जबरन कार्रवाई करने से रोका गया है। इन तीन मामलों में राहत की अवधि बढ़ाने की मांग पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने इसका विरोध किया। सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता बिल्वदल भट्टाचार्य ने अदालत को बताया कि हाई कोर्ट के 25 अगस्त के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल की गई है। यह याचिका अभी विचाराधीन है। वहीं, अभिषेक बनर्जी के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित एसएलपी में खामियां हैं। उन्होंने हाई कोर्ट से अनुरोध ा किया कि जांच पूरी होने तक उनके मुवक्किल को मिली अंतरिम सुरक्षा जारी रखी जाए। मामलों के दूसरे समूह में दक्षिण 24 परगना जिले के रवींद्रनगर और विष्णुपुर पुलिस थानों में दर्ज तीन अन्य मामले शामिल हैं। इन मामलों में अभिषेक बनर्जी को सात सितंबर को अंतरिम राहत मिली थी। सोमवार को उनके वकील ने इस सुरक्षा को भी आगे बढ़ाने की मांग की। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता राजदीप मजूमदार ने इस मांग का विरोध ा किया।

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के जज को लगाई फटकार, कहा न्यायिक शक्तियों में बाहुबली न बनें

नई दिल्ली, एजेंसी। प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देशों का पालन नहीं करने पर एक पुलिस अधीक्षक (एसपी) को दोषी ठहराने और उन पर जुर्माना लगाने वाले बिहार के न्यायिक अधिकारी को सोमवार को फटकार लगाते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि "बाहुबली की तरह व्यवहार करना बंद करें"। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने बिहार के न्यायाधीश अनिल कुमार के आचरण पर सवाल उठाए और कहा कि कानून की उनकी समझ बेहद भयावह है। न्यायमूर्ति बागची ने मौखिक टिप्पणी में कहा, "कानून की आपकी समझ से हम वास्तव में हैरान हैं। आपको पहले बीएनएसएस की धारा 384 और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 345 के दायरे और व्यापकता को समझना चाहिए। यदि कोई किसी को थप्पड़ मारता है या अदालत में



गाली–गलौज करता है, या निर्देश दिए जाने के बावजूद अदालत कक्ष से बाहर जाने से इनकार करता है, तो यह अदालत के समक्ष किया गया अपराध है। लेकिन यदि हम किसी को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देते हैं और वह ऐसा नहीं करता, तो यह अदालत के समक्ष किया गया अपराध नहीं है।" उन्होंने कहा, "कानून की आपकी समझ बेहद भयावह है। आपने इतना आक्रामक रुख भी अपनाया, अधीक्षक को फोन किया और उसी दिन उसे दोषी ठहरा दिया।" न्यायमूर्ति बागची ने कहा, "जब आपने जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक को बुलाया, उनकी अनुपस्थिति को अदालत के सामने किया गया अपराध माना और उन्हें दोषी ठहराकर सजा सुनाई, तब क्या आप अपने अधिकार क्षेत्र और न्यायिक शक्तियों के दायरे में थे? आप भी अपने हाथ रोकिए। मर्यादा में रहें।" न्यायालय ने कहा कि न्यायिक अधिकारी को प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भेजा जाना चाहिए। न्यायिक अधिकारी की पटना उच्च न्यायालय के उनके आदेश पर रोक लगाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने मौखिक रूप से कहा, "अपने मुवक्किल से न्यायिक शक्तियों का प्रयोग करते समय 'बाहुबली' की तरह व्यवहार करना बंद करने को कहें।" रोहतास के सासाराम स्थित जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश–चतुर्थ ने 29 सितंबर, 2026 को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहतास एवं आईपीएस अधिकारी रोशन कुमार को अदालत के आदेशों की जानबूझकर अवहेलना करने के मामले में दोषी ठहराया और उन पर एक रुपये का सांकेतिक जुर्माना लगाया। उन्होंने बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को निर्देश दिया कि अदालत की टिप्पणियों को संबंधित अधिकारी की सेवा पुस्तिका में दर्ज किया जाए।

संपादकीय

हाशिए पर बसपा, असमंजस में दलित समाज

'कांशी तेरी नेक कमाई, तूने सोई कौम जगाई'। इस नारे ने दलित चेतना को राजनीतिक जुबान दे दी। लेकिन कभी–कभी शोर से ज्यादा, किसी की खामोशी अखरती है। यही हाल बसपा की खामोशी को लेकर दलित समाज का है। वह पार्टी, जो कांशीराम के नेतृत्व में उनकी लड़ाई लड़ी, उन्हें अस्तित्व और अस्मिता का पाठ पढ़ाया, आज खामोशी से अपना पतन देख रही है। आज बसपा समर्थक सोच रहे होंगे, 'मायावती तेरी अगुवाई, तूने बसपा पार्टी डुबाई'। उत्तर प्रदेश में बसपा और दलित राजनीति को इस आलोक में देखना होगा। उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर से चुनावी माहौल गर्म हो गया है। एक बार फिर से जाति आधारित गोलबंदी जोर पकड़ती जा रही है। पर इस बार की तस्वीर थोड़ी अलग है। सभी दलों के पारंपरिक मतदाता नैतिक और राजनीतिक पशोपेश में हैं। भाजपा अपने सवर्ण मतदाताओं को यू.जी.सी. एक्ट और उपेक्षा से हुई नाराजगी दूर करने में लगी है। सपा ओ.बी.सी. और मुस्लिम मतदाताओं को वापस लाने के लिए प्रयासरत है। कांग्रेस अपनी खोई जमीन तलाश रही है। अखाड़े में कुछ नए खिलाड़ी भी खम ठोंक रहे हैं। ओवैसी चुनावी पर्यटक बनकर आए हैं, तो टूरिस्ट गाइड की तरह चंद्रशेखर ने उन्हें लपक कर चुनावी गठबंधन बना लिया। एक 'नई' और 'न्यायपूर्ण' सामाजिक व्यवस्था का निर्माण बसपा की विचारधारा की आधारशिला है। एक राजनीतिक शक्ति के रूप में बसपा के गठन ने सामाजिक न्याय की अवधारणाओं को पुनर्परिभाषित करने में मदद की। बसपा का इतिहास कांशीराम से शुरू होता है। अंततरू 14 अप्रैल, 1984 को कांशीराम ने दलितों और पिछड़ों को एक मजबूत राजनीतिक मंच प्रदान करने के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की स्थापना की। यह उत्तर प्रदेश और भारत की जाति–आधारित पहचान की राजनीति में एक ऐतिहासिक मोड़ था। प्रारंभ में अधिकांश वामपंथी और प्रगतिशील शक्तियों ने बसपा की यह कहकर उपेक्षा की कि इसका राजनीतिक सत्ता जीतने के अलावा कोई अन्य लक्ष्य नहीं दिखता। वास्तव में, कांशीराम ने जानबूझकर कोई पारंपरिक आर्थिक कार्यक्रम अपनाने की बजाय स्पष्ट सामाजिक एजैंडा रखा। बसपा ने सभी दलितों और वंचितों को 'बहुजन' श्रेणी के तहत एकजुट कर 'हमें शासक वर्ग बनना है' के आंबेडकरवादी नारे को बुलंद किया। बसपा ने एक–सूत्री कार्यक्रम की वकालत की–'सरकार, नौकरशाही और शैक्षणिक संस्थानों में सभी समूहों के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व'। बसपा ने दलितों को 'कुचले और अपमानित जनसमूहों के समुदाय' के रूप में परिभाषित किया, जो केवल भौतिक लाभों से नहीं बल्कि 'स्वयं की' राजनीतिक सत्ता प्राप्त करके ही मुक्त हो सकते हैं। जहां गरीब दलित सामाजिक सम्मान और राजनीतिक प्रतिनिधित्व दोनों से वंचित हैं, वहीं गरीब ब्राह्मण राजनीतिक रूप से हाशिए पर महसूस कर रहे हैं। यह स्पष्ट हो गया कि 'बहुजन' श्रेणी स्वयं आंतरिक विरोधाभासों से ग्रस्त है। विशेष रूप से, ओ.बी.सी. (अन्य पिछड़ा वर्ग) का एक बड़ा हिस्सा, जिसमें यादव, कुर्मी और लोध शामिल हैं, समाजवादी पार्टी और भाजपा की ओर चला गया है। आज दलितों पर हिंसा और अत्याचार के मामले में ये समुदाय अग्रणी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि–स्वामी ओ.बी.सी. जातियों और भूमिहीन दलितों के बीच आध्यक और सामाजिक संघर्ष ने 'बहुजन एकता' की अवधारणा को कमजोर कर दिया है। ओ.बी.सी. के उभरते कृषक वर्ग ने शूद्रों के प्रभुत्व और दमन की संस्कृति को जारी रखा, क्योंकि वे भी सस्ते श्रम बल का लाभ उठाना चाहते थे। उत्तर–औपनिवेशिक भारत में दलितों को अभी भी उच्च जाति और भूमि मालिक किसान मध्यवर्ती जातियों की दया पर छोड़ दिया गया था। इस प्रकार उत्तर प्रदेश के समाज ने एक नया 'उत्पीड़कों का वर्ग' देखा। इसके अलावा, दलितों के भीतर भी उप–जातीय विभाजन (जैसे जाटवध्चमार बनाम गैर–जाटव जैसे पासी, वाल्मीकि, धोबी आदि) उभरने लगे, जिससे दलित राजनीति में बिखराव आया है। उत्तर प्रदेश में पहचान की राजनीति के इस विकासवादी चरण के दौरान, बसपा में दीर्घकालिक दलित राजनीति के लिए रोडमैप तैयार करने में राजनीतिक परिपक्वता का अभाव है। नेतृत्व शैली के संदर्भ में, कांशीराम के बाद मायावती पार्टी की एकमात्र और निध्ववाद सर्वोच्च नेता के रूप में उभरी हैं। पार्टी के भीतर कोई भी निर्णय, चाहे वह टिकट वितरण हो, गठबंधन बनाना हो या मंत्रियों की नियुक्ति हो, अंतिम रूप से मायावती द्वारा ही लिया जाता है। आलोचक अक्सर उनकी इस कार्यशैली को 'तानाशाही' या 'व्यक्ति–पूजा' कहकर आलोचना करते हैं, क्योंकि पार्टी में दूसरी पंक्ति का कोई स्वतंत्र नेतृत्व विकसित नहीं होने दिया गया।

खत्म होते प्राकृतिक स्रोत, किसका दोष!

सुरेंद्र बांसल

केंद्र को अब पारदर्शी चुनावी फंडिंग प्रणाली पर काम करना चाहिएसर्वोच्च न्यायालय को बधाई चुनावी बांड रद्द करने के आदेश से लोकतंत्र मजबूत हुआ

एक समय ऐसा भी था जब हमारे शहरों, कस्बों और गांवों में तालाब, पोखर एक पवित्र सार्वजनिक सम्पदा की तरह संभाल कर रखे जाते थे। प्रतिवर्ष इन जलकोषों की साफ–सफाई और गाद निकालने का काम समाज खुद करता था। इन जलस्रोतों से निकलने वाली चिकनी मिट्टी के अनेक उपयोगों के उपरान्त इसे खाद के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन जलनीतियों के किताबी झंडाबरदारों ने पोखर, तालाब, कुंओं जैसी बेहद किफायती प्रकृति सम्मत परियोजनाओं की भरपूर उपेक्षा कर इन्हें अनुपयोगी ही मान लिया। आजादी के बाद से अब तक बनी तमाम जलनीतियों की प्रमाणिकता का अंदाजा मात्र इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक किसी सरकार ने ऐसा कोई प्रामाणिक सर्वेक्षण नहीं करवाया कि देश में 'पानी' आखिर है कितना। प्रतिवर्ष बिगड़ते हालात के बावजूद हम कभी अपने प्राकृतिक जल संसाधनों की चिंता नहीं करते, बल्कि उनका उपभोग या दुरुपयोग इतनी लापरवाही से कर रहे हैं, मानो कोष रूपी ये स्रोत कभी समाप्त ही नहीं होंगे। मोटे हिसाब से देखें तो देश भर में घरेलू उपयोग और सिंचाई के लिए जितना पानी रोजाना खर्च होता है, उससे कई गुणा अधिक पानी तो प्रतिदिन हमारे–आपके वाहनों की धुलाई सफाई में व्यर्थ हो रहा है, वह भी पीने योग्य मीठा पानी। इसके लिए हम जब कोई नियम, कायदा, कानून, नीति वगैरह ढूंढेंगे तो बेशर्मी के ठेंगे के सिवा किसी भी दफ्तर या विभाग में कुछ नहीं मिलेगा। अगर हम सिर्फ हरियाणा, पंजाब और राजधानी दिल्ली की जलनीति समझें तो रोना आता है। जिस हरियाणा पंजाब में जंगल आज नाम मात्र बचे हों, वहां की धरती आज लगभग 30 लाख सबमघ्सबलों की शर–शैय्या पर टिकी है। जिसमें से अकेले पंजाब में ही साढ़े 18 लाख सबमर्सिबल दिन रात भू–जल उलीच रहे हैं। इन दोनों राज्यों के लगभग 70 प्रतिशत भू–जल क्षेत्र डार्क जोन में हैं। राजधानी दिल्ली की हालत तो और अधिक दयनीय है। आज दिल्ली के पास कोई भी प्राकृतिक संसाधन अपना नहीं, जबकि अंग्रेजों के आने से पहले तक यहां 750 के लगभग तालाब थे। दिल्ली या पानी चोरी करती है या संसाधन खरीदती है। दिल्ली के शौचालयों के लिए नित्य–क्रम मेरठ से खींच कर लाई गई गंगा मैया निपटाती हैं। प्रतिवर्ष फरवरी–मार्च में दिल्ली में पानी की खूब किल्लत होने लगती है। दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में सरकारों के खिलाफ खूब घड़े–बाल्टियां फूटते हैं, लेकिन मजा देखिए कि दिल्ली में तालाब–बावडियां, पोखर भले निपटा दिए हों, लेकिन अधिकांश नेताओं के घरों में छोटे–बड़े 'स्विमिंग पूल' अवश्य मिल जाएंगे। और पानी के टैंकर अब सरकारों द्वारा संरक्षित 'माफिया' की श्रेणी में आते हैं। प्रत्येक बनने वाली नीति का आध ाार मात्र इतना भर होना चाहिए कि वह प्रकृति सम्मत हो। आध्यक और सामाजिक विकास का रूप कैसा होना चाहिए, ये नीति निध ारिकों को स्पष्ट होना ही चाहिए। आज हमने अपने आस–पास तथाकथित विकास के नाम पर कुछ ऐसा ढांचा रच लिया है, जो हमें अपने आस–पास के पर्यावरण से जोडने की बजाय तोड़ता अध िक है। विज्ञान और तकनीक में बढ़ती हमारी योग्यता ने भले ही हमें तकनीकी रूप से साक्षर बनाया हो लेकिन प्रकृति से तालमेल बिठाने के मामले में हम लगातार निरक्षर होते चले गए हैं। एक समय पंजाब में 1700 तालाबों का जिक्र मिलता है लेकिन आज पंजाब की हालत देखिए! आज पंजाब अपने सभी प्राकृतिक संसाधन यानी मिट्टी, पानी, पशु–परिंदे सब गंवा चुका है! अगर पंजाब में तालाब होते तो बीते वर्ष पंजाब में आई भीषण बाढ़ की तबाही से बचा जा सकता था लेकिन नहीं, तालाबों को अतिक्रमित कर सबको मैरिज पैलेस चाहिएं, नए–नए मॉल चाहिएं। विकास का मतलब मात्र प्लास्टिक, लोहा लंगड़ या निरर्थक चीजों से घर भरना नहीं, बल्कि विकास का व्यापक और विराट अर्थ प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों को निरंतर समृद्ध करते रहना है। विकास वह सतत बहने वाली प्रक्रिया है, जो समाज के हर स्तर को पहले से अधिक स्वावलम्बी, सहज, सरल और तनाव रहित बनाए। समाज और देश का स्वावलम्बन तब तक संभव नहीं जब तक भीतर–बाहर के पंचभूत समृद्ध नहीं होते।



महाशक्तियों का एक साथ आना क्या दिखावा है?

ऋतुपर्ण दवे

तमाम भू–राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता, अस्थिरता, युद्ध और तरह–तरह के तनाव के बावजूद परमाणु जोखिम, क्षेत्रीय संघर्ष, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक व्यवस्था जैसे मुद्दों पर दुनिया की 3 बड़ी ताकतों का सीधा संवाद एक सकारात्मक पहल है। इस बैठक के नतीजों की ङ्क्षचता से इतर, भविष्य के संकेतों को देखना होगा। क्या पता कल आगे का रास्ता भी खुल जाए! गत 19 नवम्बर को शेनझेन में डोनाल्ड ट्रम्प, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन यानी अमरीका, चीन और रूस के बीच पहली त्रिपक्षीय बैठक के मायने बहुत गहरे हैं। भले ही इसे लेकर दुनिया भर के निष्कर्ष अपने–अपने हों। बैठक को इसलिए भी असाधारण कहा जा सकता है क्योंकि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद निर्मित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में इन तीनों देशों का अक्सर निर्णायक दखल देखा गया है। लगभग 90 मिनट की बैठक के बाद 4 प्रमुख बिंदुओं पर आधारित शांति घोषणा जारी हुई। पूर्व में शीतयुद्ध के बाद अमरीका एकमात्र महाशक्ति के रूप में उभरा था लेकिन पिछले 2 दशकों में चीन की आर्थिक एवं सैन्य शक्ति तथा रूस की सामरिक सक्रियता ने दुनिया की राजनीति को अमरीका से इतर बहुध्रुवीय बनाया है। अमरीका और चीन के बीच व्यापारिक, तकनीकी, ताइवान तथा ङ्क्षहद–प्रशांत क्षेत्र को लेकर जबरदस्त प्रतिस्पर्धा है, वहीं रूस और पश्चिमी देशों के संबंध निश्चित रूप से यूक्रेन युद्ध के चलते काफी कटु और तनावपूर्ण हुए हैं। इन हालात में ट्रम्प, जिनपिंग और पुतिन का एक मंच पर आना बताता है कि ये आपसी हितों को और कुर्बान नहीं कर सकते और इस पर बातचीत को राजी हैं। भले ही कूटनीति की दृष्टि से चीन को अपनी ताकत दिखाने का उचित मौका मिला हो लेकिन रूस के लिए पश्चिमी देशों की तमाम अड़ीबाजी के बावजूद यूक्रेन युद्ध के साए में अंतर्राष्ट्रीय अलगाव की धारणा को तोडने का बड़ा अवसर भी था। जबकि तरह–तरह के विवादों, बयानों और हाल में नवम्बर 2026 में हुए मिड–टर्म चुनावों में हार के बाद, हो सकता है ट्रम्प चीन और रूस के साथ सीधे संवाद का जरिया ढूंढ कहीं न कहीं अपनी गिरती साख को सुधारने की रणनीति में हों। इस बैठक में दिखावा और फोटोसैशन जरूर अच्छे रहे लेकिन दुनिया में इस बात की भी चर्चा है कि क्या यह परिणाम भी बदलेंगे? निश्चित रूप से किसी नतीजे पर पहुंचना अभी जल्दबाजी होगी। अपने शुरुआती भाषण में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि उनके और अमरीका तथा रूस के समकक्षों के बीच हुई त्रिपक्षीय बैठक अभूतपूर्व महत्व की थी, इस बात पर जोर देते हुए कि शांति मानवता की शाश्वत यानी कभी न खत्म होने वाली आकांक्षा है। प्रमुख शक्तियों की विशेष जिम्मेदारियां हैं, ऐसे में इनके बीच सकारात्मक बातचीत एक विकल्प नहीं बल्कि बड़ी जरूरत है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस बात पर जोर दिया कि रूस, चीन और अमरीका वैश्विक स्थिरता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इसे प्राप्त करने के लिए, तीनों देशों को आपसी सम्मान, समानता और संतुलित हितों के आधार पर सांझेदार बनकर परस्पर सहयोग की जरूरत है। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि तीनों नेता इतिहास रच रहे हैं। परमाणु हथियारों को कम करने के लिए तीनों नेता अद्वितीय स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि तीनों नेता संयुक्त रूप से हथियार कटौती की संभावनाओं पर विचार करेंगे। अमरीका, चीन और रूस जैसी प्रमुख वैश्विक शक्तियों के मध्य बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच इस सम्मेलन की तुलना 1945 के याल्टा सम्मेलन से की जा रही है, जिसमें द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण बैठक में मित्र राष्ट्रों के 3 प्रमुख नेताओं ने युद्धोत्तर विश्व व्यवस्था और यूरोप के पुनर्गठन पर चर्चा की थी। इसमें अमरीका के राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट, ब्रिटेन के प्रध ाानमंत्री विंस्टन चघ्चल और सोवियत संघ के नेता जोसेफ स्टालिन शामिल थे। इस बैठक के बाद वैश्विक रूप से एक प्रश्न यह भी उठ रहा है कि क्या आज की प्रमुख शक्तियां दुनिया को अपने प्रभाव क्षेत्रों में बांटने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं और क्या कोई ऐसी नई वैश्विक व्यवस्था बन रही है, जिसमें बड़े देश, छोटे–छोटे देशों के भविष्य से जुड़े फैसले स्वयं लेने लगेंगे? भले ही तीन महाशक्तियां एक मंच पर थीं लेकिन इस बात से कैसे इंकार किया जा सकता है कि अमरीका अपना वैश्विक नेतृत्व बनाए रखने के मंसूबे से पीछे हटेगा? भले ही वह परमाणु हथियार नियंत्रण एवं रणनीतिक स्थिरता पर बल देने का स्वांग कर रहा हो लेकिन सच यह भी है कि वह चीन के साथ व्यापार और तकनीकी प्रतिस्पर्धा तो करता ही है। इसके अलावा यूक्रेन एवं पश्चिम एशिया के संघर्षों को लेकर कूटनीतिक समाधान खोजने का जब–तब ढिंढोरा भी पीटता है। चीन के बारे में सर्वविदित है कि वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने से वह कभी पीछे नहीं रहा, बल्कि अपना ध्यान बराबर लगाए है। चीन, ताइवान एवं दक्षिण चीन सागर में रणनीतिक हितों की रक्षा को लेकर भी सजग है। जबकि रूस की यूक्रेन के साथ युद्ध में अपने रणनीतिक हितों को सुरक्षित करने के अलावा यूरोप एवं आस–पास के क्षेत्रों में प्रभाव बनाए रखने की नीयत किसी से छुपी नहीं है। ऐसे में अमरीका के साथ परमाणु एवं सुरक्षा वार्ता में उसकी भूमिका महज दिखावा है या हकीकत, यह सामने आने में वक्त लगेगा। इन तीनों बड़ी ताकतों के आपसी हित जब–तब टकराते रहे हैं। बावजूद इसके एक साथ आना क्या स्थायी होगा या महज मौके की नजाकत को देखते हुए दिखावा? यदि ये तीनों शक्तियां सच में एक साथ हो जाएं तो दुनिया में शांति, व्यापारिक स्थिरता और खुशहाली की नई दस्तक जरूर होगी। काश, ऐसा ही होता।



संतुलित विकास की सोच से ही बच सकती है दुनिया

उमेश चतुर्वेदी

देश अभी सूखे के दुष्प्रभाव से निबटने की कोशिश कर ही रहा था कि महज एक हफ्ते के भीतर बंगाल की खाड़ी से उठे दो–दो तूफानों ने इसके तटीय इलाकों में कहर बरपा गया। तकनीकी विकास की वजह से तूफानों की पूर्व सूचना के चलते सरकारों ने एहतियाती उपाय कर लिए, इस वजह से बहुत ज्यादा जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन तटीय इलाकों के बुनियादी ढांचे, बिजली व्यवस्था आदि को भारी पैमाने पर नुकसान पहुंचाने में सफल रहा। अर्नब जहां 28–29 अक्टूबर को आया तो दो नवंबर को मुरासू कहर बनकर उभरा। इतिहास में कम ही मौके ऐसे आए होंगे, जब सिर्फ एक हफ्ते के भीतर दो–दो तूफान आए। इन दोनो तूफानों ने ना सिर्फ माली नुकसान पहुंचाया, बल्कि मौसम चक्र को भी बदलकर रख दिया। दोनों के असर से उत्तर भारत तक के मौसम में बदलाव दिखने लगा है। करीब डेढ़ दशक से उत्तर भारत में देर से दस्तक देने वाला ठंड का मौसम कुछ पहले ही आ गया है। विगत कुछ दशकों से भारत ही नहीं दुनिया के मौसम चक्र में बदलाव दिख रहा है। इसकी वजह से वातावरण का तापमान बढ़ रहा है, बारिश का चक्र या तो कमजोर पड़ रहा है या फिर अचानक ही किसी इलाके में तीव्र हो जा रहा है। इसके चलते जहां वनस्पतियों की जहां कुछ प्रजातियां नष्ट हो रही हैं, वहीं जंतु जगत के कार्यकलाप, आदत और अस्तित्व में परिवर्तन नजर आने लगे हैं। इसका असल फसल चक्र और उनकी पैदावार पर भी पड़ रहा है। अव्वल तो दुनिया को इन बदलावों से चिंतित होना चाहिए, विश्व परेशान भी दिखता है, लेकिन इस बदलाव को थामने की वैश्विक स्तर पर जैसी संजीदा कोशिश होनी चाहिए, नहीं हो रही है। मोटे तौर पर इस बदलाव के पीछे मनुष्य का लालच और समृद्धि हासिल करने की उसकी चाहत काम कर रही है। उन्नीसवीं सदी की औद्योगिक क्रांति के पहले तक पूरी दुनिया में संतुलित उपभोग का सिद्धांत काम करता था। औद्योगीकरण के बढ़ते कदम के साथ इस सोच में कमी आई। लेकिन उदारीकरण के तेज बढ़ते कदमों की वजह से दुनिया में उपभोगवाद को बढ़ावा। जैसे–जैसे उपभोग की संस्कृति बढ़ती गई, उत्पादन की मांग बढ़ती गई। उत्पादन के चलते प्रकृति का दोहन बढ़ा, ऊर्जा की मांग बढ़ी। इस पूरी प्रक्रिया में प्रकृति और सभ्यता के बीच संतुलन गड़बड़ाना शुरू हुआ। जिसका असर जलवायु परिवर्तन के रूप में दिख रहा है। महात्मा गांधी बहुत पहले इस व्यवस्था को लेकर दुनिया को चेता चुके थे। उपभोगवाद को नियंत्रित रखने की कल्पना उन्होंने अपनी प्रसिद्ध पुस्तिका हिंद स्वराज में की है। 1909 में लिखी इस पुस्तिका में गांधी ने लिखा है, "हम देखते हैं कि मन एक बेचौन पक्षी है; जितना अधिक इसे मिलता है, उतना ही यह चाहता है और असंतुष्ट रहता है। हम जितना अधिक अपने जुनून में लिप्त होते हैं, वे उतने ही बेलगाम होते जाते हैं। इसलिए, हमारे पूर्वजों ने हमारे भोग–विलास की एक सीमा तय की। उन्होंने देखा कि खुशी काफी हद तक एक मानसिक स्थिति थी। एक आदमी जरूरी नहीं कि इसलिए खुश हो क्योंकि वह अमीर या दुखी है। आखिरकार, वह गरीब है। अमीरों को अक्सर दुखी और गरीबों को खुश देखा जाता है। लाखों लोग हमेशा गरीब रहेंगे। यह सब देखते हुए, हमारे पूर्वजों ने हमें विलासिता और सुख से दूर रखा।" आज दुनिया ने शहरीकरण और औद्योगीकरण को विकास का पैमाना मान लिया है। दोनों ने ही हमारे जीवन में उपभोगवाद को बढ़ावा दिया है। इसकी वजह से हमारी जलवायु में कई तरह के बदलाव आ रहे हैं। इसका सबसे स्पष्ट संकेत यह है कि दुनिया गर्म हो रही है। वैज्ञानिकों को यह बात उपग्रहों, मौसम संबंधी गुब्बारों, थर्मामीटरों, मौसम केंद्रों और अन्य स्रोतों से जुटाए गए सबूतों से पता चली है। 1880 के बाद से, विश्व के औसत तापमान में लगभग एक डिग्री सेल्सियस यानी करीब 1.7 डिग्री फ़ारेनहाइट की वृद्धि हुई है। अगर शहरीकरण और औद्योगीकरण केंद्रित उपभोगवाद यूं ही जारी रहा तो अनुमान है कि 2050 तक वैश्विक तापमान में लगभग 1.5 डिग्री सेल्सियस यानी करीब 2.7 डिग्री फ़ारेनहाइट और साल 2100 तक 2.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, 1960 के दशक से वैश्विक औसत वार्षिक तापमान में लगातार वृद्धि हुई है। इसके आंकड़ों के अनुसार, 20वीं सदी के बाद से सबसे गर्म रहे 20 वर्षों में से 19 वर्ष सिर्फ 2001 के बाद के हैं। आशंका है कि भविष्य में आने वाला सबसे ठंडा वर्ष भी, 20वीं सदी के सबसे गर्म वर्ष की तुलना में अधिक गर्म होगा। विस्कॉन्सिन में तापमान और वर्षा में आए बदलावों का पता लगाने के लिए, यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन–मैडिसन के वैज्ञानिकों ने श्नेशनल क्लाइमेटिक डेटा सेंटरश द्वारा पूरे राज्य के नेटवर्क से जुटाए गए तापमान रिकॉर्ड का विश्लेषण किया है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि 1950 के दशक के बाद से विस्कॉन्सिन का तापमान 2 डिग्री फ़ारेनहाइट बढ़ गया है, साथ ही यहाँ बारिश में 4.5 इंच यानी करीब 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसमें सबसे ज़्यादा तापमान सर्दियों में बढ़ा है, जबकि वर्षा में सबसे अधिक वृद्धि गर्मियों के दौरान हुई है। स्क्रिप्स इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी के डॉ. चार्ल्स डेविड कीलिंग द्वारा शुरू की गई वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड की दैनिक रिकॉर्डिंग से पता चलता है कि वातावरण में उपलब्ध कार्बन डाइऑक्साइड में घटत–बढ़त होती रही है। जाहिर है कि इसका असर भी मौसम चक्र पर पड़ रहा है। दरअसल कार्बन डाइऑक्साइड का संबंध प्रकाश संश्लेषण से जुड़ा है। वसंत के मौसम में जब पौधे बढ़ते हैं, तो वे हवा से कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं और सूर्य की ऊर्जा का उपयोग करके उसे कार्बन में बदल देते हैं, साथ ही ऑक्सीजन छोड़ते हैं। वहीं, पतझड़ के मौसम में जब पौधे नष्ट होते हैं, तो वे कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर इसकी मात्रा में बढ़त दिखती है। मौसमी बदलावों के अलावा कीलिंग के अध्ययन रिपोर्ट से पता चलता है कि समय के साथ कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा में भी वृद्धि हो रही है।

टीपीएस में पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित, किए गए सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। टैगोर पब्लिक स्कूल (टीपीएस) में पूर्व छात्र सम्मेलन सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष डॉ आरके टंडन, विद्यालय के प्रबंधक अमित खन्ना, विद्यालय की प्राचार्य अर्चना तिवारी मुख्य अतिथि थे। साथ ही



एलुमनाई कोऑर्डिनेटर शबाना हुसैन, विजय राय, आशीष कुमार एवं समस्त विद्यालय के कार्यरत शिक्षकों ने सभी एलिमिनाई का स्वागत किया। अल्युमिनियम संगठन के अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, उपाध्यक्ष रोहित खुराना ने अतिथियों का स्वागत किया। सचिव ऋषभ चतुर्वेदी और उपाध्यक्ष मनन तिवारी ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिसमें 88 वर्षीय निर्मला टंडन, गार्गी खन्ना, परविंदर कौर, पूर्णिमा बजाज आदि शिक्षिका शामिल रहे। इसी साथ आशुतोष साहू असिस्टेंट कमांडेंट सीआरपीएफ, जो विद्यालय के 2005 के छात्र थे उन्हें ऑलरेडी मेंबरशिप से सम्मानित भी किया गया। सभी पूर्व छात्र विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। जैसे सिद्धार्थ जैन हाईकोर्ट के समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, शुभम चोपड़ा जो आज खुद शिक्षक बनकर अपने शिक्षकों की भावनाओं को और बेहतर समझ पा रहे हैं। साथ ही 2001 बैच की 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्राचार्य अर्चना तिवारी द्वारा उनका सम्मान किया गया।

विजेता विद्यार्थियों के परिश्रम और समर्पण का परिणाम है सफलता : डा राकेश कुमार

ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर में मेधावी सम्मान समारोह संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर में विभिन्न प्रतियोगिताओं और खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र – छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को मेडल, स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



समारोह में रंगोली प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र – छात्राओं के साथ–साथ बाल मेला में शीर्ष तीन स्थानों पर रहे प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कलात्मक कौशल और आयोजन क्षमता से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन, प्रयागराज में संपन्न हुई अखिल भारतीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लौटे छात्रों का विशेष सम्मान किया गया। बाल वर्ग एवं किशोर वर्ग में प्रतिभाग करते हुए छात्रों ने अपनी अद्भुत मेधा शक्ति, संतुलन और अनुशासन का परिचय देते हुए कुल 04 स्वर्ण तथा 07 रजत पदक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राकेश कुमार ने सभी पदक विजेताओं और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को कोटि–कोटि बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ ना केवल विजेता विद्यार्थियों के परिश्रम और समर्पण का परिणाम हैं, बल्कि अन्य छात्रों को भी उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने सभी विजेता छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ विजेताओं का उत्साहवर्धन किया तथा उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाए दीं।

राष्ट्रीय स्वयं सुरक्षा संघ परिवार की महिला मोर्चा संघ में महिलाओं की भूमिका

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज डांडी महेवा में राष्ट्रीय स्वयं सुरक्षा संघ महिलाओं



की बैठक संघनात्मक व्यवस्था को लेकर महिलाओं ने बैठक की । संघ के अनुसार समाज और राष्ट्र जीवन से जुड़े विषय पर चर्चा की गई।। संघ इस पहल को संस्कृति और संस्कार से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।उत्तर प्रदेश की नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मालती केसरवानी के द्वारा कहा गया आप सभी महिलाओं में राष्ट्रभक्ति सनातन के प्रति सम्मान आत्मरक्षा अनुशासन और शारीरिक मानसिक विकास के गुण विकसित करने का कार्य पर चर्चा की गई ।महिला सशक्तिकरण एवं संगठन के विचारधारा को लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में अध्यक्ष के रूप में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मालती केसरवानी को महिलाओं द्वारा सम्मानित किया गया है।

पीएम स्वनिधि योजना में प्रयागराज का राष्ट्रीय स्तर पर परचम, देशभर में मिला पहला स्थान

नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नगर निगम को प्रदान किया सम्मान, महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने पूरी टीम को दी बधाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने के प्रयासों में प्रयागराज ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपलब्धि दर्ज कराई है। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नगर निगम प्रयागराज को देशभर में नगर निकाय श्रेणी के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 20 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित पीएम स्वनिधि सम्मान समारोह–2026 में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नगर निगम प्रयागराज को यह सम्मान प्रदान किया।

इस उपलब्धि से उत्साहित महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने नगर निगम, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) और योजना से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार किसी एक व्यक्ति या विभाग की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरी टीम के सामूहिक प्रयास, समर्पण और निरंतर मेहनत का परिणाम है।

महापौर ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना ने रेहड़ी–पटरी और फुटपाथ पर कारोबार करने वाले छोटे व्यापारियों को आर्थिक मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। योजना के माध्यम से पथ विक्रेताओं को ऋण सुविधा के साथ वित्तीय समावेशन, डिजिटल लेन–देन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने का अवसर मिला है। इससे छोटे कारोबारियों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली है।

उन्होंने कहा कि प्रयागराज को देशभर में प्रथम स्थान मिलना शहर के लिए गौरव की बात है। यह सम्मान पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान है। साथ ही इससे नगर निगम और डूडा की टीम को भविष्य में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

महापौर ने विश्वास जताया कि नगर निगम, डूडा और संबंधित विभागों के समन्वित प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। अधिक से अधिक पात्र पथ विक्रेताओं को योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

डा रंजना त्रिपाठी के लोकगीत 'निमिया' का लोकार्पण

लोक परंपरा और आधुनिक संगीत का अनूठा संगम : सीएमडी शहाब इलाहाबादी डीएम, पुलिस कमिश्नर, आर्य कन्या पीजी कालेज के शासीनिकाय के अध्यक्ष हुए शामिल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। लोक संस्कृति, परंपरा और संगीत की भावपूर्ण अभिव्यक्ति लोकगीत 'निमिया' के लोकार्पण के साथ सामने आई। वाईएनआर की ओर से प्रस्तुत इस लोकगीत का लोकार्पण समारोहपूर्वक किया गया। गीत को डॉ. रंजना त्रिपाठी ने अपने स्वर से सजाया है। आयोजन में गीत के पोस्टर, आधिकारिक वीडियो तथा सीडी का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में गीत के बैंड संस्करण को भी विशेष सरप्राइज के रूप में प्रस्तुत किया गया।

इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम मनीष वर्मा, पुलिस कमिश्नर पीयुष मार्डिया एवं अध्यक्ष शासी निकाय आर्य कन्या डिग्री कॉलेज पंकज जायसवाल, प्रो प्रेम कुमार मलिक , सच्चिदानंद त्रिपाठी, वाईएनआर के सीएमडी शहाब इलाहाबादी एवं प्राचार्या आर्य कन्या डिग्री कॉलेज प्रो. अर्चना पाठक, पूर्व कुलपति मान सिंह तोमर संगीत विश्वविद्यालय डा स्वतंत्र बाला



शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। लोकगीत 'निमिया' की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और उसकी लोक परंपरा से जुड़ी भावभूमि का परिचय दिया गया। गायिका डॉ. रंजना त्रिपाठी तथा वाईएनआर के सीएमडी शहाब इलाहाबादी का परिचय ऑडियो–विजुअल के माध्यम से दिया गया।

इस अवसर पर वाईएनआर की टीम ने गीत के निर्माण, संगीत संयोजन और प्रस्तुति से जुड़े प्रयासों की जानकारी साझा की। गीत के पोस्टर और आधिकारिक वीडियो का लोकार्पण किया गया, जबकि सीडी लॉन्च एवं फोटो सेशन ने आयोजन को यादगार बनाया। समारोह में 'निमिया' के बैंड संस्करण की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में उत्साह का नया रंग भर दिया। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने लोकगीतों के संरक्षण, संवर्धन और नई पीढ़ी तक लोक संस्कृति की पहुंच बनाने के प्रयासों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि लोकगीत हमारी सांस्कृतिक स्मृति, जीवन के अनुभवों और परंपराओं के जीवंत दस्तावेज हैं। ऐसे रचनात्मक प्रयास लोक संगीत को नए मंच और नई पहचान प्रदान करते हैं।

वाईएनआर के सीएमडी शहाब इलाहाबादी ने गीत की प्रस्तुति और निर्माण से जुड़े सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा लोक संगीत को आधुनिक माध्यमों के जरिए व्यापक श्रोताओं तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। डॉ. रंजना त्रिपाठी ने भी अपनी भावनाएं साझा कीं।

कार्यक्रम का संचालन शरद कुमार मिश्र एवं अनुष्का पंडित ने किया। कार्यक्रम में डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ ज्योति मिश्रा, डॉ वंदना, डॉ किरण, के के श्रीवास्तव, प्रिंस, वजीर, चीफ वार्डन अनिल गुप्ता रौनक गुप्ता सुनहरी ज्वेलर्स के प्रोपराइटर संजय गुप्ता, प्रो ईभा सिरोठिया, डॉ ज्योति रानी, डॉ शशी, डॉ नाजनीन, डॉ मुदिता तिवारी, श्रीमती नीना प्रजापति ,रिचा अवस्थी सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

यूपी बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाएं 11 जनवरी से

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश (यूपी बोर्ड) की वर्ष 2027 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाएं दो चरणों में 11 जनवरी से शुरू होने जा रही है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने आज बताया कि प्रथम चरण में 11 जनवरी, 2027 से 19 जनवरी, 2027 और द्वितीय चरण में 20 जनवरी, 2027 से 28 जनवरी, 2027 की प्रायोगिक परीक्षाएं होगी। सचिव ने बताया कि पहले चरण में आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, आजमगढ़, देवीपाटन और बस्ती मण्डल की प्रायोगिक परीक्षाएं होगी। सचिव ने बताया कि अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मीरजापुर, वाराणसी तथा गोरखपुर मण्डल की प्रायोगिक परीक्षाएं होगी।

सचिव ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षाओं के सम्बन्ध में अन्य आवश्यक जानकारी तथा परीक्षकों की नियुक्ति आदि की सूचना परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। परीक्षाओं की शुचिता को बनाये रखने के उद्देश्य से प्रधानाचार्यों को प्रयोगात्मक परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं के आयोजन की रिकार्डिंग सुरक्षित रखी जायेगी ताकि आवश्यकता के अनुरूप मांगे जाने पर उपलब्ध कराया जा सके।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि हाईस्कूल



स्तर पर विभिन्न विषयों (विज्ञान एवं गृह विज्ञान विषय को छोड़कर) में प्रयोगात्मक परीक्षाएं गत वर्ष की भांति विद्यालय स्तर पर आन्तरिक मूल्यांकन (प्रोजेक्ट कार्य) के आधार पर सम्पन्न करायी जायेंगी। हाईस्कूल विज्ञान एवं गृह विज्ञान विषय में बोर्ड द्वारा 30 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं आयोजित करायी जाएंगी। व्यक्तिगत परीक्षार्थी अपने अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाचार्य से सम्पर्क कर प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे। हाईस्कूल के विषयों (विज्ञान एवं गृह विज्ञान विषय को छोड़कर) के आन्तरिक मूल्यॉकन, नैतिक, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा तथा इण्टरमीडिएट की नैतिक, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा के प्राप्तांक विद्यालय के प्रधानाचार्य के माध्यम से परिषद की वेबसाइट नचउेच.मकन.पद पर आनलाईन अपलोड किये जायेंगे। प्राप्तांकों को अपलोड किये जाने के लिए 01 जनवरी, 2027 से वेबसाइट क्रियाशील हो जायेगी।

सचिव ने बताया कि विद्यालय स्तर पर आयोजित करायी जाने वाली प्री–बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाएं दिसम्बर, 2026 के अन्तिम सप्ताह में विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा आयोजित करायी जायेंगी। विद्यालय स्तर पर आयोजित करायी जाने वाली कक्षा 10 एवं 12 की प्री–बोर्ड लिखित परीक्षाएं जनवरी, 2027 के प्रथम सप्ताह में तथा कक्षा–09 एवं 11 की वार्षिक परीक्षाएं जनवरी, 2027 के द्वितीय एवं तृतीय सप्ताह में विद्यालय के प्रधानाचार्य कराएं।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि हाईस्कूल विज्ञान एवं गृह विज्ञान विषय की 30 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई जाएंगी। कक्षा 10 एवं 12 की प्री–बोर्ड लिखित परीक्षाएं जनवरी के प्रथम सप्ताह में तथा कक्षा 9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षाएं जनवरी के द्वितीय एवं तृतीय सप्ताह में प्रधानाचार्य आयोजित कराएं।

सहायक अध्यापक (सम्बद्ध प्राइमरी एवं शहरी) भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना जारी

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि लिखित परीक्षा 3 दिसंबर को प्रदेश के 48 जनपदों में दो पालियों में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी 30 नवंबर से आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थी वेबसाइट पर वांछित प्रविष्टियां दर्ज कर अपने परीक्षा जनपद की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वैध प्रवेश पत्र के बिना किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने आज बताया कि आयोग के विज्ञापन संख्या 05ध्2026 के अंतर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त



माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (सम्बद्ध प्राइमरी) तथा बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत सहायक अध्यापक, शहरी (न्त्थ।छ) पद की लिखित परीक्षा आगामी 03 दिसम्बर 2026 को प्रदेश के 48 जनपदों में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा दो पालियोंकृ प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:30 बजे से शाम 04:30 बजे तक संपन्न कराई जाएगी। आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि विज्ञापन (प्रकाशित तिथि 15 सितम्बर 2026) के अंतर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना से संबंधित विवरण सोमवार, 23 नवम्बर 2026 से आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। संबंधित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट https://upessc.up.gov.in के होमपेज पर उपलब्ध लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपने परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना देख सकते हैं। वेबसाइट पर जारी किया गया यह विवरण केवल परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना है, इसे परीक्षा का प्रवेश पत्र न समझा जाए। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के प्रवेश पत्र 30 नवम्बर 2026 से आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड किए जा सकेंगे। अभ्यर्थियों को वैध प्रवेश पत्र के बिना परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

सी.एम.पी.महाविद्यालय में कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्राचीन इतिहास विभाग एवं राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से हुआ तदुपरांत प्रोफ.अर्चना खरे ने अतिथियों के स्वागत किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जस्टिस नीरज तिवारी पूर्व न्यायमूर्ति, इलाहाबाद हाई कोर्ट, एवं विशिष्ठ अतिथि प्रकाश शुक्ल, रिटायर्ड आई. एस. थे। प्रतिभाग कर रहे डॉ. शिवम हथगामी ने अपने काव्य पाठ मेरे कुछ दोस्तों के बातों में पावं होता है, सर नहीं होती डॉ.विक्रम सेन ने प्रेम को परिभाषित करते हुए कहा कि निगाहे जीत ले जब मन इसी को प्यार कहते हैं

उन्होंने अपने गीत शहर–शहर गांव–गांव बनते बिगड़ते हैं लोगश् से वक्ताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।डॉ. अम्बुज कमल ने अपने कविता श् झुमका नहीं दिखता श् है से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अभिजीत मिश्रा ने वीर रस में देशप्रेम की भावना से ओत प्रोत कर दिया। उभरते हुए कवि कुमार विकास ने प्रेम एवं विरह वेदना को अपने काव्य पाठ से उद्धृत किया।अम्बुज ऊषा नंदन जी ने श्तुम्हें तुम से चुराया जा रहा है, के माध्यम से अपने काव्य को रखा। उत्तर प्रदेश राज्य साहित्य परिषद की सचिव डॉक्टर सुधा सिंह और राम राज भारतीभी काव्य पाठ किया और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मंच संचालन डॉ. अम्बुज कमल ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ आलोक सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सुधा मिश्रा,प्रो सरोज सिंह, प्रो. आर बी एल श्रीवास्तव, प्रो. भूपेश त्रिपाठी, प्रो.आभा त्रिपाठी नीरज सिंह और अन्य शिक्षकगण और विद्यार्थी मौजूद थे।

पेंशनर्स की समस्याओं का शीघ्र होगा समाधान- अवनीश अवस्थी

सम्मानित किये गये जिला मंत्री डॉ0 वीकेमिश्र

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था के अधिवेशन में कृषि भवन सभागार लखनऊ में मुख्य अतिथि अवनीश कुमार (अवस्थी आईएएस सलाहकार मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) ने पेंशनर्स की प्रमुख समस्याएं जैसे चिकित्सा प्रतिपूर्ति की ऑनलाइन प्रक्रिया को ऑफलाइन रखने, 65बर्ष ,70 बर्ष एव75 वर्ष पर 5: 10: एवं 15: अतिरिक्त पेंशन बस के किराए में 50: टिकट में माफी आदि मांगों पर सहमति व्यक्त की एवं मुख्यमंत्री से प्रतिनिधियों की वार्ता कराने का आश्वासन दिया। अधिवेशन में पुरानी कार्यकारिणी



पर विश्वास व्यक्त करते हुए 2 वर्ष के लिए अधिकृत किया गया। लगभग 35 जिलों ने अधिवेशन में भागीदारी की। जनपद प्रयागराज से संरक्षक जीके श्रीवास्तव,ई उमेश शर्मा , अध्यक्ष आर के जायसवाल, उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद पांडे, जिला मंत्री डा बी के मिश्र, ऑडिटर रामगोपाल द्विवेदी, संयुक्त मंत्री अनिल कुमार पांडे, संगठन मंत्री सुशील कुमार त्रिपाठी एवं आजीवन सदस्य रामगतार सिंह ने सहभागिता की। संगठन में पेंशनर्स साथियों को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के कारण डॉ वी के मिश्र, सदस्य कार्यकारिणी ध् जिलामंत्री जनपद शाखा प्रयागराज को प्रांतीय अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्निहोत्री ने सम्मानित किया।

एसडीएम ने दीप प्रज्वलन कर कार्तिक पूर्णिमा मेला का किया शुभारंभ

कार्तिक पूर्णिमा मेला का आज मुख्य स्नान पर्व

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। धार्मिक नगरी मानिकपुर में लगने वाले पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेला उपजिलाधिकारी अजय कुमार यादव व तहसीलदार न्यायिकध्मेला मजिस्ट्रेट प्रमोद यादव द्वारा देवी मां का दर्शन पूजन व दीप प्रज्वलन कर पांच दिवसीय मेले का विधिवत



शुभारंभ किया। एसडीएम ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि ध ार्मिक मेले हमारी भारतीय संस्कृति के प्रतीक आस्था व विश्वास के केंद्र है। ऐसे धार्मिक मेलों के आयोजन से जहां धर्म के प्रति आस्था व विश्वास बढ़ता है। वही एक दूसरे के प्रति स्नेहिल मिलन भी होता है। मेले से संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को समुचित सुविधाएं प्राप्त हो सके। मेला मजिस्ट्रेट प्रमोद यादव ने कहा कि इतने बड़े विशाल मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए जन सहयोग से ही संभव है। इसलिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। कार्यक्रम की अध यक्षता करते हुए मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने अधिक सभी का स्वागत करते हए सभी देवी–देवताओं का आवाहन किया, कि मेला सकुशल संपन्न कराने में अपना आशीर्वाद व कृपा करें। उन्होंने सभी मानिकपुर नगरवासियों व संबंधित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन से अपेक्षा की है। कार्तिक पूर्णिमा मेला का आज मुख्य स्नान पर्व है। जहां लगभग डेढ़ से 2 लाख श्रद्धालु भक्तों के मां गंगा में डुबकी व देवी मां के दर्शन पूजन की संभावना है। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट त्रिभुवन नाथ यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, तीर्थ पुरोहित संघ अध्यक्ष प्रेमनाथ दीक्षित, राकेश जायसवाल, राम निहोर यादव, समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को विद्यालय से कार्यमुक्त करने की मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी। जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को स्वगणना कराने में हो रही परेशानियों को देखते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई कड़ा ने उन्हें विद्यालयी दायित्वों से कार्यमुक्त करने की मांग की है। इस संबंध में संघ के अध्यक्ष अफरोज आलम

ने उप जिलाधिकारी व उप जिला जनगणना अधिकारी सिराथू को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक आदेश जारी करने का अनुरोध किया है। अध्यक्ष ने बताया गया है कि जनगणना कार्य के अंतर्गत 16 नवंबर से स्वगणना का कार्य कराया जा रहा है। विद्यालय अवधि के बाद शिक्षकों को इस कार्य के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है। कई शिक्षक फतेहपुर व प्रयागराज से प्रतिदिन आवागमन करते हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, विद्यालय अवधि में स्वगणना का कार्य करने पर विभागीय जिला समन्वयक (डीसी) द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया जाता है। ऐसे में स्वगणना कार्य में लगे शिक्षकों के विद्यालय में अनुपस्थित मिलने पर आनलाइन कार्रवाई का भय बना रहता है। इस स्थिति में शिक्षक स्वतंत्र रूप से स्वगणना का कार्य नहीं कर पा रहे हैं। संघ अध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि जनगणना कार्य में लगाए गए शिक्षकों को विद्यालय से कार्यमुक्त करने का आदेश जारी किया जाए, ताकि वे बिना किसी दबाव के जनगणना संबंधी दायित्वों का निर्वहन कर सकें। इस अवसर पर संघ के मंत्री जैनेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

मूरतगंज में नए बीईओ की पारी शुरू, शिक्षकों को दिया शिक्षा सुधार का संदेश

लालजी शर्मा ने संभाली खंड शिक्षा अधिकारी की कमान, बोले– बच्चों का भविष्य संवारना सबसे बड़ी जिम्मेदारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। विकासखंड मूरतगंज में सोमवार को नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी लालजी शर्मा ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यालय पहुंचने पर उन्होंने समस्त कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया व विकासखंड में संचालित विभागीय गतिविधियों और शैक्षिक योजनाओं की जानकारी ली। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने जनगणना के अंतर्गत स्व–गणना के महत्वपूर्ण चरण की



प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही निर्वाचन संबंधी कार्यों में फार्म छह के माध्यम से नए मतदाताओं के पंजीकरण की स्थिति से भी अवगत हुए। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को संदेश देते हुए कहा कि बच्चों का भविष्य संवारना शिक्षक की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। विद्यालयों में ऐसा शैक्षिक माहौल तैयार करें, जहां प्रत्येक बच्चा पूरे उत्साह के साथ सीखने के लिए प्रेरित हो। शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय पहुंचें, बच्चों की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उनके संस्कार और सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे की शैक्षिक प्रगति को अपनी जिम्मेदारी समझकर काम करना होगा, तभी शिक्षा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार संभव है।

फार्मेसी अनुसंधान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से खुलेंगे नए रास्ते, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जुटे 700 से अधिक प्रतिभागी

47 से अधिक महाविद्यालयों की सहभागिता, 72 मौखिक और 116 से अधिक पोस्टर प्रस्तुतियों में दिखी युवा शोधकर्ताओं की प्रतिभा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। कोइलहा स्थित चंद्रशेखर सिंह कालेज आफ फार्मेसी में रविवार को आयोजित चंद्रशेखर सिंह स्मृति अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन फार्माकान–2026 में फार्मास्युटिकल अनुसंधान और आधुनिक तकनीक का संगम देखने को मिला। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से औषधि निर्माण और फार्मूलेशन के क्षेत्र में नए आयाम तलाशने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में देश–विदेश के 700 से अधिक विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षाविदों और फार्मास्युटिकल विशेषज्ञों ने आनलाइन व आफलाइन सहभागिता की। सम्मेलन में 47 से अधिक महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी रही। इस दौरान 72 मौखिक शोध प्रस्तुतियों और 116 से अधिक पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से युवा शोधकर्ताओं ने अपनी प्रतिभा और नवाचार का प्रदर्शन किया।

सम्मेलन का मुख्य विषय औषधि निर्माण की प्रक्रिया को बेहतर बनाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रारूपों का उपयोग रहा। इसमें विशेषज्ञों ने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभावी उपयोग से दवाओं के निर्माण, फार्मूलेशन के अनुकूलन, औषधियों की गुणवत्ता और शोध प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। प्रतिभागियों ने नवीन औषधि अनुसंधान, फार्मास्युटिकल साइंस, फार्मूलेशन डेवलपमेंट और आधुनिक स्वास्थ्य तकनीकों से जुड़े शोध प्रस्तुत किए।

सम्मेलन में देश–विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों ने विशेषज्ञ व्याख्यान दिए। प्रमुख वक्ताओं में आइडियल क्योर के पूर्व अध्यक्ष डा. अशोक ओमराय, जीएलए विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष डा. मीनाक्षी बाजपेयी, जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा के डा. अनुज गर्ग, मलेशिया की एआईएमएसटी यूनिवर्सिटी के डा. एस. फुलोरिया और आस्ट्रेलिया की मैक्वेरी यूनिवर्सिटी के डा. नितिन चित्रांशी शामिल रहे। वक्ताओं ने फार्मास्युटिकल अनुसंधान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बढ़ती भूमिका, आधुनिक औषधि निर्माण तकनीक, फार्मूलेशन आप्टिमाइजेशन, शोध नवाचार और भविष्य की वैज्ञानिक संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके व्याख्यानों से विद्यार्थियों व शोधार्थियों को नवीन अनुसंधान प्रवृत्तियों और वैश्विक वैज्ञानिक विकास को समझने का अवसर मिला।



वैज्ञानिक गतिविधियों के साथ सम्मेलन में फ्लैश टाक, वैज्ञानिक संवाद, अतिथि सम्मान, स्मारिका विमोचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। उत्कृष्ट शोध प्रस्तुतियों के लिए प्रतिभागियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के संरक्षक प्रो. (डा.) एसएन सिंह, ग्रुप डायरेक्टर, सीएसएस ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व निदेशक आयुर्वेद सेवाएं, लखनऊ के मार्गदर्शन व संस्थान के प्राचार्य प्रो. सुरेश कुमार गुप्ता के सहयोग और निर्देशन में संपन्न हुआ। सम्मेलन संयोजक प्रो. (डा.) रितेश तिवारी ने कहा कि 700 से अधिक प्रतिभागियों, 47 से अधिक महाविद्यालयों और 188 से अधिक शोध प्रस्तुतियों की सहभागिता सम्मेलन की अकादमिक सफलता को दर्शाती है। ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन युवा शोधकर्ताओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, विशेषज्ञों से सीखने व राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक सहयोग विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं।

उन्होंने संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय चंद्रशेखर सिंह बाबू जी (1932–2023) के शिक्षा, समाजसेवा और संस्थान निर्माण के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा कि फार्माकान–2026 उनके आदर्शों और दूरदर्शी शैक्षणिक सोच को समर्पित है। कार्यक्रम का प्रभावशाली व सुव्यवस्थित संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर करुणा पांडेय ने किया। अंत में संयोजक ने अतिथियों, वक्ताओं, प्रतिभागियों, प्रायोजकों, सहयोगी संस्थानों, आयोजन समिति के सदस्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

निषाद राज पार्क की सैर कर खिले दिव्यांग बच्चों के चेहरे, 160 बच्चों ने किया एक्सपोजर विजिट

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। समेकित शिक्षा के अंतर्गत जिले के 160 दिव्यांग बच्चों को विद्यालयी परिवेश से बाहर की दुनिया से रूबरू कराने के लिए एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। बच्चों को प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर स्थित निशाद राज पार्क का भ्रमण कराया गया। पार्क के आकर्षणों को देखकर बच्चे उत्साहित नजर आए। मनोरंजन के साथ उन्हें नई जगहों को देखने, समझने और सामूहिक गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिला।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. कमलेंद्र कुमार कुशवाहा और जिला समन्वयक समेकित शिक्षा



अवधेश कुमार पांडेय के तत्वावधान में आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ सामाजिक सहभागिता और व्यवहारिक कौशल विकसित करना रहा। जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों ने पार्क के विभिन्न आकर्षणों का आनंद लिया। इस दौरान बच्चों ने आपस में संवाद किया और सामूहिक रूप से विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग किया।

इस पहल के माध्यम से बच्चों को कक्षा और विद्यालय की सीमाओं से बाहर निकलकर नए परिवेश को समझने व सामाजिक अनुभव हासिल करने का अवसर मिला। अधिकारियों का मानना है कि ऐसे आयोजन दिव्यांग बच्चों के मानसिक, सामाजिक और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही उनमें यह विश्वास भी मजबूत करते हैं कि वे समाज की मुख्यधारा का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें भी आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि समेकित शिक्षा का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को उसकी क्षमता के अनुरूप बेहतर अवसर और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना है। दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में विशेष शिक्षकों, फिजियोथेरेपिस्ट और समेकित शिक्षा से जुड़े अन्य सहयोगी कार्मिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

संविधान और लोकतंत्र पर खतरे का आरोप, कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ खोला मोर्चा

26 नवंबर को लखनऊ में कांग्रेस निकालेगी संविधान रक्षा यात्रा, फतेहपुर से बड़ी संख्या में जायेंगे कार्यकर्ता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। संविधान दिवस के अवसर पर आगामी 26 नवंबर को लखनऊ में प्रस्तावित संविध ान रक्षा यात्रा को लेकर कांग्रेस पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। यात्रा की रूपरेखा और उद्देश्य से आमजन एवं पत्रकारों को अवगत कराने के लिए सोमवार को शहर के ज्वालागंज स्थित कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने भाजपा सरकार पर संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैध ानिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए प्रस्तावित यात्रा को लेकर विस्तार से जानकारी दी।

प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिलाध यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में देश का संविध ान और उससे मिलने वाले नागरिकों के अधिकार सुरक्षित नहीं रह गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए जनमत की अनदेखी कर रही है। जनता द्वारा चुनी गई सरकारों को गिराकर धनबल के सहारे दूसरी सरकारों का गठन करना लोकतांत्रिक व्यवस्था और मतदाताओं के जनादेश का अपमान है। उन्होंने महाराष्ट्र, उत्तराखंड और मणिपुर सहित विभिन्न राज्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि इस तरह की राजनीतिक गतिविधियों से जनता के मताधिकार की भावना प्रभावित होती है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इन्हीं मुद्दों को लेकर संविधान दिवस पर कांग्रेस पार्टी लखनऊ में संविधान रक्षा यात्रा निकालकर अपना विरोध दर्ज कराएगी।

उन्होंने कहा कि फतेहपुर जनपद से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचकर यात्रा में भागीदारी करेंगे। वहीं, शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता और कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए भाजपा सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को प्रभावित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संविध ान में चुनाव आयोग को एक स्वतंत्र और निष्पक्ष संस्था के रूप में स्थापित किया गया है,



लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में उसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरिफ गुड्डा ने कहा कि सत्ता की भूख में देश की लोकतांत्रिक परंपराओं और संविधान की मूल भावना के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक अधिकारों की मजबूती और संवैध ानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता के मुद्दे पर पार्टी सड़क से लेकर सदन तक अपनी आवाज उठाती रहेगी। इस दौरान शेख एजाज अहमद, विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव, पार्टी प्रवक्ता डीपी दुबे, अरुण जायसवाल और पंडित रामनरेश महाराज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस झंडा दिवस पर एसपी ने किया ध्वजारोहण, पुलिस के शौर्य और समर्पण को किया नमन



प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर सोमवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा भेजे गए संदेश को उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। एसपी ने उत्तर प्रदेश पुलिस के गौरवशाली इतिहास, कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और सेवा भावना की सराहना करते हुए पुलिस बल के अदम्य साहस एवं उत्कृष्ट सेवाओं को नमन किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को संगठन की गरिमा और सम्मान बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसपी सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुलिस कलर (ध्वज) का स्टीकर लगाकर उत्तर प्रदेश पुलिस के गौरव एवं सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

मतदाता सूची के पुनरीक्षण में राजनीतिक दलों की भागीदारी होगी अहम, बीएलए नियुक्त करने पर जोर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसएसआर–2027) को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए चायल तहसील प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सोमवार को एसडीएम चायल प्रेरणा गौतम ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर



निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों को अपने–अपने बूथों पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति शीघ्र पूरी कराने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को एसएसआर–2027 की प्रक्रिया, उद्देश्य और मतदाता सूची पुनरीक्षण के विभिन्न चरणों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने में राजनीतिक दलों की सक्रिय सहभागिता बेहद जरूरी है। बूथ स्तर पर बीएलए की तैनाती होने से मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की निगरानी, समन्वय और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। एसडीएम ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण निर्वाचन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण है। इसमें सभी राजनीतिक दलों को अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभानी होगी। बीएलए की समय से नियुक्ति कर प्रशासन को सहयोग दें, जिससे पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार बिना किसी बाधा के पूरा कराया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न बरती जाए और सभी दल आपसी समन्वय के साथ अपनी भूमिका निभाएं। बैठक में भाजपा, समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

200 बच्चों ने निषादराज पार्क में देखी ऐतिहासिक धरोहरें, शैक्षिक भ्रमण से बढ़ा उत्साह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत सोमवार को जिले के परिषदीय विद्यालयों के 200 बच्चों को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम स्थित निषादराज पार्क ले जाया गया। यहां बच्चों ने ऐतिहासिक धरोहरों, पार्क के विभिन्न आकर्षणों व प्राकृतिक सौंदर्य को करीब से देखा। भ्रमण के दौरान बच्चों ने मनोरंजक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. कमलेंद्र कुमार कुशवाहा व जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता धीरेंद्र कुमार के तत्वावधान में आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को कक्षा–कक्ष से बाहर व्यावहारिक ज्ञान और नए अनुभवों से जोड़ना रहा। इसके माध्यम से बच्चों में सामाजिक व्यवहार, आपसी सहयोग, आत्मविश्वास और जिज्ञासा विकसित करने का प्रयास किया गया। बीएसए ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से बच्चों को नई जगहों को देखने, समझने और अनुभव से सीखने का अवसर मिलता है। इससे उनके व्यक्तित्व विकास के साथ ही सामाजिक समझ भी मजबूत होती है। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों व अन्य सहयोगी कार्मिकों का सराहनीय योगदान रहा।



लोकबंधु राज नारायण की सपा कार्यालय पर मनी जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । लोकबंधु राज नारायन की जयंती समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे कार्यकर्ताओं ने नमन किया। गोष्ठी में लोकबंधु के जीवन पर प्रकाश डाला गया और उनकी विचारधारा पर चलने का संकल्प लिया गया।



गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि लोकबंधु समाजवादी विचारधारा के पुरोधा थे। कुलीन परिवार में जन्म लेने के बाद भी गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित रहे। लोकबंधु राजनारायन ने काशी नरेश का उत्तराधिकारी बनने से इंकार कर दिया था। उनके लिए जनता का हित हमेशा सर्वोपरि रहा। लोकबंधु हमेशा गरीबों के हितों के लिए संघर्षरत रहे।

उन्होंने कभी भी सूबे में फिरकापरस्त ताकतों के आगे घुटने नहीं टेके। इसके विरुद्ध वह जीवन पर्यंत संघर्ष करते रहे। आज सपा मुखिया अखिलेश यादव यही कार्य कर रहे हैं। हम सभी को उनके संघर्षों से प्रेरणा देते हुए समाजवादी सोच को जीवंत रखने के लिए प्रयास करना होगा।

जयंती व गोष्ठी कार्यक्रम में गुलाब चन्द यादव यमुन्नीय, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेश भारती, दामोदर प्रसाद मौर्या, झल्लू यादव, अभय यादव, बन्दना गुप्ता, प्रिस राव, रामराज यादव, मेवालाल प्रजापति, दीनानाथ प्रजापति, ओपी यादव, राहुल यादव, रामजी यादव, शशांक यादव, अवधेश सिंह, सलीम बादशाह, राममिलन यादव, अनीस खान, अयूब अली आदि ने भी अपने विचार रखे।

मत्स्य पालकों को किया गया जागरूक

डॉ०रईस अहमद उस्मानी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर–खीरी २३ नवंबर, विश्व मत्स्य दिवस के शुभ अवसर पर लखीमपुर–खीरी में कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस में मत्स्य विभाग के इन्चार्ज अधिकारी अवनीश कुमार सिंह यादव व वरिष्ठ सहायक अबुल हसन ने जनहित में मत्स्य पालकों को विभाग की अनेकों सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान मत्स्य पालकों को एन एफ डी पी पोर्टल पर पंजीकृत भी किया गया, तथा उन्हें पंजियन प्रमाण पत्र भी वितरित किए गये।

बीएचयू के दो छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया काशी का मान, पशु चिकित्सा प्रश्नोत्तरी में हासिल किया दूसरा स्थान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकछा के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय की टीम ने सापी (।च्) पशु चिकित्सा शरीर क्रिया विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2026 के उत्तर क्षेत्रीय मुकाबले में द्वितीय स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। टीम को 11 हजार रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। 23 नवंबर को हरियाणा के रोहतक स्थित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वेटरनरी एजुकेशन एंड रिसर्च में आयोजित प्रतियोगिता में उत्तर क्षेत्र के 13 पशु चिकित्सा महाविद्यालयों ने भाग लिया। बीएचयू की टीम में बीवीएससी एवं एएच के छात्र अंशु कुमार (चतुर्थ वर्ष) और लक्ष्मीकांत पांडा (द्वितीय वर्ष) शामिल रहे। प्रतियोगिता में पद्मश्री प्रो. एमएल मदान मुख्य अतिथि रहे। दोनों छात्रों का चयन 12 नवंबर को आयोजित संस्थान स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से हुआ था। सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकेश कुमार भारती ने टीम का मार्गदर्शन किया और साथ रहे। संकाय प्रमुख, संस्थान निदेशक एवं शिक्षकों ने छात्रों और उनके मार्गदर्शक को बधाई दी।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.: Dy.CPM-GSU-21 ई-निविदा सूचना दिनांक : 18.11.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट/प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे के अधीन निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदायें आमंत्रित करते हैं (द्वारा खुली निविदा- डबल पैकेट प्रणाली):-

क्र.सं. 1.	निविदा सं. : GSU-21	अनुमानित मूल्य : ₹ 171835870.47

कार्य का विवरण : उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर कैण्ट साइड मुख्य सड़क को रेलवे सीमा तक स्थानान्तरित और विकसित करना तथा पार्किंग और दीवार बनाने का कार्य।

बयाने की रकम : ₹ 3436700.00 | कार्य समापन की अवधि : 12 महीने

निविदा खुलने की तिथि : 15.12.2026, 15.30 hrs.

इलिजिबिलिटी क्राइटएरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्य : For Civil Work : Any Civil engineering work. For Electrical Work : Satisfactory execution of any electrical work related to HT/LT Installation.

नोटः- 1. ऑनलाईन निविदा 15.12.2026 को 15:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 15:30 बजे टेण्डर खुलने की तिथि 15.12.2026 तक उपलब्ध है। 2637/26 (PH)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 26/54 दिनांकः 20.11.2026

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ.म.रे., प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001: 2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरणः
1	6327RGC05	दिस इज टेंडर टू इंटर इन्टू रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ इलास्टिक रेल क्लिप (ईआरसी) जे क्लिप विद हायर टो लोड फॉर किश प्लेटेड ज्वाइंट/इंशुलेटेड ग्लूड ज्वाइंट ऑन पीएससी स्लीपर ट्रायंग (आरडीएसओ) आरीडएसओ टी-8258 अल्ट 1
	मात्राः 577856.00 नग, निविदा खुलने की तिथिः 28.12.2026	
2	निविदा संख्या 70262644	संक्षिप्त विवरणः फ्लेक्सिबल पॉली विनाइल क्लोराइड (पीवीसी) फ्लोरिंग शीट। मात्राः 406 नग, निविदा खुलने की तिथिः 15.12.2026
3	निविदा संख्या 80264000	संक्षिप्त विवरणः सर्वोफ्लेक्स एसएचसी-120 (आईओसीएल) ग्रीस। मात्राः 13306 किग्रा., निविदा खुलने की तिथिः 31.12.2026

नोटः उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। 2640/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के मद्देनजर मड़िहान विधानसभा में भाजपा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। सोमवार को आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को धार देने और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज भारतीय जनता पार्टी विधानसभा मड़िहान की एक विशेष संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जनपद मिर्जापुर के सतेशगढ़ मंडल अंतर्गत जौगढ़ स्थित ष्द कशिश पैलेसष में अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के सह–प्रभारी

जगदीश ईश्वर भाई पटेल जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में पूर्व मंत्री एवं मड़िहान के विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने मुख्य अतिथि जगदीश ईश्वर भाई पटेल को बुके,अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

संगठन की मजबूती और आगामी चुनाव की रणनीति पर गहन मंथन :–

बैठक में मड़िहान विधानसभा क्षेत्र के पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा वर्तमान पदाधिकारियों की संयुक्त उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि जगदीश ईश्वर भाई पटेल ने उपस्थित पदाधिकारियों से सीधा संवाद किया और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने, प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपने और जनसंपर्क अभियान को तेज करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इस महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी भानु प्रताप सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज, क्षेत्रीय महामंत्री



विद्याधर तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष गंगा सागर दुबे, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राजेंद्र प्रसाद सिंह सहित विधानसभा के समस्त मंडल अध्यक्ष, पूर्व एवं वर्तमान वरिष्ठ पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बाबा शेरनाथ के वार्षिक श्रृंगार पर दो गरीब कन्याओं का विवाह संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । जनपद के लोहदी कला स्थित बाबा शेरनाथ मंदिर परिसर में बाबा शेरनाथ का वार्षिक श्रृंगार समारोह श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान के साथ सामाजिक सरोकार से जुड़ी पहल करते हुए दो जोड़ी जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में धार्मिक आस्था के साथ मानव सेवा, सामाजिक सहयोग एवं बेटियों के सम्मान का संदेश दिया गया।

सामूहिक विवाह समारोह में संजना पुत्री गणेश प्रजापति, निवासी कानपुर, का विवाह राजा पुत्र रमेश प्रजापति, निवासी फतेहपुर, के साथ संपन्न कराया गया। वहीं दूसरी जोड़ी में पुष्पा पुत्री सदानंद, निवासी विंध्याचल, का विवाह त्रिवेणी निषाद,



निवासी विंध्याचल, के साथ वैवाहिक बंधन में संपन्न हुआ।

दोनों जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति–रिवाजों एवं वैदिक परंपराओं के अनुसार संपन्न कराया गया। इस अवसर पर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की गई।

इस पुनीत आयोजन की व्यवस्था बसंत बहार चौरिटेबल ट्रस्ट के संचालक श्याम बाबू मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण के बीच विवाह समारोह संपन्न हुआ और उपस्थित लोगों ने नवदंपतियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस पुनीत आयोजन की व्यवस्था बसंत बहार चौरिटेबल ट्रस्ट के संचालक श्याम बाबू प्रजापति एवं श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार के संयुक्त प्रयास से की गई। आयोजकों ने जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह की जिम्मेदारी उठाकर समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता एवं सेवा भावना का परिचय दिया।

पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) खीरी ने पुलिस लाइन में किया गया ध्वजारोहण

पुलिसकर्मियों को दिलाया गया कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन का संदेश

डॉ०रईस अहमद उस्मानी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर–खीरी 23 नवंबर 2026 को पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर श्री अमित कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) जनपद खीरी द्वारा पुलिस लाइन खीरी में पुलिस ध्वज फहराकर ध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण को संबोधित करते हुए पुलिस झण्डा दिवस के महत्व, पुलिस विभाग की गौरवशाली परंपराओं, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनसेवा के प्रति समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) द्वारा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के संदेश को उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण को पढ़कर सुनाया गया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को पुलिस विभाग की गरिमामयी पहचान एवं गौरवशाली इतिहास को सदैव अक्षुण्ण बनाए रखने तथा पुलिस ध्वज की प्रतिष्ठा, सम्मान एवं गरिमा को बनाए रखने हेतु पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन एवं समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) द्वारा कहा गया कि पुलिस ध्वज पुलिस बल के गौरव, शौर्य, साहस, कर्तव्यपरायणता एवं जनसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रत्येक पुलिसकर्मी का दायित्व है कि वह अपने आचरण एवं कार्यशैली से पुलिस विभाग की प्रतिष्ठा को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए सदैव तत्पर रहे तथा आमजन की सुरक्षा, कानून–व्यवस्था एवं न्यायपूर्ण पुलिसिंग के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करे।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक, पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद जमीन पर कब्जे का आरोप, डीएम से लगाई गुहार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। सिविल जज सीनियर डिवीजन ज्ञानपुर की अदालत से पारित स्थगन आदेश के बावजूद विवादित भूमि पर कब्जे और उसकी प्रकृति बदलने के प्रयास का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने जिलाधिकारी से न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की है।

ग्राम बलिभद्रपुर, तालुका चौथार, तहसील व जनपद भदोही निवासी शेषमणि पुत्र स्व. रामबली के अनुसार मौजा बलिभद्रपुर स्थित आराजी संख्या 175ध्3, रकबा 0.125 हेक्टेयर को लेकर न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। वाद संख्या 474 दीवानी सन् 2026, शेषमणि आदि बनाम गुलाब आदि में न्यायालय ने 2 नवंबर 2026 को स्थगन आदेश पारित कर प्रतिवादी गुलाब, महेंद्र व मसूरी पुत्रगण स्व. विश्वनाथ को वादी के कब्जे में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से हस्तक्षेप करने से रोक दिया था।

पीड़ित का आरोप है कि न्यायालय के आदेश की जानकारी और अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस दिए जाने के बावजूद विपक्षी आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। आरोप है कि विरोध करने पर गाली–गलौज, मारपीट पर आमादा होने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इससे पीड़ित और उसका परिवार भयभीत है।

शेषमणि के मुताबिक उन्होंने 16 नवंबर को भी जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 23 नवंबर 2026 को पुनः प्रार्थना पत्र देकर विपक्षियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा न्यायालय के निषेधाज्ञा आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, आयुक्त विंध्याचल मंडल मीरजापुर, पुलिस अधीक्षक भदोही और उपजिलाधिकारी भदोही को भी भेजी गई है।

आज 21 लाख दीपों से जगमगाएगी काशी, कई वीआईपी के आगमन की उम्मीद, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। धर्म और आध्यात्म की नगरी काशी में आज ष्देव दीपावलीष् का भव्य आयोजन होगा। गंगा के घाटों से लेकर कुंडों और गंगा पार रेती तक दीपों की अद्भुत रोशनी बिखरेगी। प्रशासन की ओर से 11 लाख तथा सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से 10 लाख से अधिक दीप जलाए जाने की तैयारी है।

महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए 25 नवंबर को होगी महिला जनसुनवाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। महिलाओं के उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने तथा उनकी शिकायतों का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में जनपद संत रविदास नगर भदोही में आगामी 25 नवंबर 2026 को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती नीलम प्रभात की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

जिलाधिकारी द्वारा उक्त कार्यक्रम को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने महिला थानाध्यक्ष सहित ज्ञानपुर, औराई, गोपीगंज, ऊंज, भदोही एवं चौरी थानों के थानाध्यक्षों तथा संबंधित क्षेत्राधिकारियों को कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

जनसुनवाई के दौरान महिलाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। साथ ही पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, लंबित प्रकरणों तथा उन पर की गई कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा भी की जाएगी। महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, उत्पीड़न एवं अन्य महिला संबंधी समस्याओं के मामलों में पीड़िताओं को न्याय दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि महिला संबंधी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता से सुनते हुए नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर महिला जनसुनवाई को प्रभावी बनाएं तथा पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने की दिशा में पूरी तत्परता से कार्य करें।

सेंट जेवियर्स स्कूल में पॉक्सो और पॉश कानूनों की दी जानकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में पॉक्सो और पॉश अधिनियम के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इसमें शिल्पा अहिरे ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत सुरक्षा, अच्छे–बुरे व्यवहार की पहचान और अपनी सीमाओं के सम्मान की जानकारी दी। वहीं शिक्षकों को कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मानजनक माहौल बनाए रखने के लिए पॉश कानून के प्रावधान बताए गए। गतिविधियों के माध्यम से दोनों कानूनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य स्टेनली एंथोनी और विद्यालय निदेशक नीतीश कुमार मौजूद रहे।

मनरेगा कर्मचारियों के आंदोलन को प्रधान संगठन का समर्थन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

विजयीपुर फतेहपुर। विकास खंड विजयीपुर के अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने मनरेगा एवं वीबी–जी रामजी के तहत



कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों और अन्य कर्मचारियों के धरना–प्रदर्शन को समर्थन दिया है। संगठन के अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान अतुल सिंह ने उत्तर प्रदेश शासन के आयुक्त को पत्र भेजकर कर्मचारियों की मांगों को जायज बताते हुए उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की है। उन्होंने कहा कि मांगों का समाधान होने से वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों और उनके परिवारों को राहत मिलेगी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक

फिरदौस फातिमा

मो.9451721210

UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

योगी आदित्यनाथ ने मां से भिक्षा मांगने का प्रसंग किया याद, निराश्रित माताओं का सहारा बनने की अपील की

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संन्यास ग्रहण करने के बाद अपनी मां से हुई भावुक मुलाकात को सोमवार को याद किया और बताया कि भगवा वस्त्र धारण कर जब वह मां से भिक्षा मांगने पहुंचे तो उनके लिए बेटे के संन्यासी बनने के फैसले को स्वीकार करना कितना मुश्किल था। उत्तराखंड में अपनी मां का अंतिम संस्कार कर लौटे आदित्यनाथ ने अपनी खुली चिट्ठियों की जारी शृंखला योगी की पाती के नवीनतम अंक में मां के प्रेम को सबसे सुंदर भावना बताया। उन्होंने कहा कि मां का न होना सिर्फ एक व्यक्ति का चले जाना नहीं, बल्कि भावनात्मक सुरक्षा, निःस्वार्थ प्रेम और घर की सुकूनभरी छांव का भी छिन जाना है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर साझा की अपनी पाती में कहा, यह पाती प्रत्येक मां के नाम है जिनके बिना जीवन नहीं होता.. हम आप नहीं होते। मां केवल जननी ही नहीं, जगत जननी है। ईश्वर की जननी भी मां ही है। उन्होंने कहा, मेरी प्रथम गुरु, मुझे अक्षर ज्ञान देने वाली पूजनीय मां जब अनंत यात्रा पर निकल गईं तो मेरी आंखों के सामने वह दृश्य बरबस ही कौंध गया जब मैं संन्यास ग्रहण करके तीन वर्ष से भी अधिक समय बीत जाने पर भगवा वस्त्र में अपने घर की दहलीज के बाहर खड़ा था। गोरखपुर से पंचूर की इस यात्रा में भावनाओं का ज्वार उमड़ घुमड़ रहा था। उन्होंने कहा, सन्यास परंपरा के महत्वपूर्ण विधान के अनुसार मैंने भिक्षा के लिए आवाज लगाई। आवाज सुनकर मां बाहर आई तो उन्हें सहसा विश्वास नहीं हो पा रहा था। मां कुछ बोल पाती, उससे पहले मैंने कहा, मां भिक्षा दीजिए। उन्होंने बताया कि मां ने स्वयं को संभालने की कोशिश की और कहा, बेटा, यह क्या हाल बना रखा है? घर में क्या कमी थी जो भीख मांग रहे हो? मैंने उत्तर दिया, मां संन्यास मेरा धर्म है। एक योगी की भूख भिक्षा से ही मिटेगी। मां मैं यहां रहने नहीं, भिक्षा मांगने आया हूं। आप भिक्षा में जो कुछ भी देंगी, वही मेरे मनोरथ को पूर्ण करेगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा, मां की ममता ने संन्यासी बेटे के संकल्प का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने लोगों से



यह संकल्प लेने की भी अपील की कि वह किसी निराश्रित मां का संबल बनेंगे, किसी वंचित मां की पीड़ा को समझेंगे और किसी दुखियारी मां के चेहरे पर मुस्कुराहट लाएंगे। योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का 91 वर्ष की आयु में शुक्रवार को उत्तराखंड के उनके पैतृक गांव पंचूर में निधन हो गया था। मुख्यमंत्री और उनके परिजनों ने हरिद्वार में चंडी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया। घाट पर मुख्यमंत्री काफी भावुक दिखायी दिए थे।

भाजपा नेता हत्याकांड में सीबीआई जांच की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास पहुंचा परिवार

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ में भाजपा नेता धीरेंद्र प्रताप सिंह की हत्या के मामले में परिवार सीबीआई जांच की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास पहुंचा। उनके भाई धर्मेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि मामले में प्रभावशाली लोगों के नाम सामने आने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। परिवार का दावा है कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं और मुख्यमंत्री से मिलने भी नहीं दिया जा रहा है। धीरेंद्र प्रताप सिंह की कुछ महीने पहले दुबग्गा क्षेत्र में हत्या हुई थी। मामले में उनके ड्राइवर, पत्नी समेत अन्य लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। अब परिवार पूरे हत्याकांड की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराने की मांग कर रहा है। सीएम आवास के बाहर धर्मेंद्र सिंह ने कहा, हमारी मांग है कि केस की जांच सीबीआई से कराई जाए। हमारे भैया के हत्याकांड में राज्य मंत्री के लड़के और एक विधायक का नाम सामने आया था। ड्राइवर प्लासियो चौकी में इसके बारे में बता रहा था। अगर नाम बता दिया, तो उत्तर प्रदेश सरकार हमें कल सुबह का सूरज नहीं देखने देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार की कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। कहा, हमारा यही गुनाह है कि हम क्षत्रिय हैं। हमारा कोई नेता नहीं है, जो हमें न्याय दिला सके। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि परिवार पिछले तीन महीने से न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। गांव के हजारों लोगों ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर पैदल मार्च भी किया, लेकिन आरोप है कि शासन–प्रशासन ने मार्च को जबरन रोक दिया और उनसे जांच की मांग का पत्र ले लिया। उन्होंने बताया कि कमिश्नर, कई विधायकों और मंत्रियों से भी मुलाकात की। आरोप लगाया कि सभी ने कहा कि मामले में कुछ नहीं हो सकता और हत्याकांड कराने वाले लोग मुख्यमंत्री से भी ऊपर हैं। परिवार ने पुलिस पर भी डराने–धमकाने का आरोप लगाया। धर्मेंद्र सिंह के मुताबिक, पुलिस उनके घर और चौकी पर पहुंची और चेतावनी दी कि अगर न्याय मांगने या मुख्यमंत्री कार्यालय जाने की कोशिश की तो राजपुर गांव के सट्टा केस में जेल भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके भाई की हत्या कर दी गई, जबकि उनके पास दो–दो गनर थे और सात साल से सरकारी सुरक्षा मिली हुई थी। इसके बावजूद परिवार को न्याय नहीं मिल रहा है। धर्मेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से मामले की सीबीआई जांच कराने और परिवार को सुरक्षा देने की मांग की।



चूके तो खराब हो सकता है कैरियर

-यूपी की चार यूनिवर्सिटी फर्जी, दिल्ली में एक दर्जन


-एडमिशन से पहले पड़ताल जरूर करें स्टूडेंट

लखनऊ, संवाददाता। यूपी में कॉलेज या यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने से पहले स्टूडेंट संस्थान और यूनिवर्सिटी की पड़ताल जरूर करें, अन्यथा करियर चौपट हो जायेगा। दाखिला से पहले संस्थान की मान्यता और डिग्री जारी करने के अधिकार की जांच जरूरी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी की ओर से जारी सूची में देश के 32 ऐसे संस्थानों को शामिल किया गया है, जिन्हें मान्य डिग्री देने का अधिकार ही नहीं है। इनमें उत्तर प्रदेश के भी चार संस्थान शामिल हैं। ऐसे में छात्रों को एडमिशन लेने और फीस जमा करने से पहले सूची को जरूर देख लेना चाहिए। यूजीसी की सूची के मुताबिक देश में सबसे ज्यादा 12 फर्जी विश्वविद्यालय दिल्ली में हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश में चार संस्थान इस सूची में शामिल हैं। इन संस्थानों की डिग्रियों को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों की डिग्री के बराबर नहीं माना जाएगा।इससे छात्रों को आगे की पढ़ाई और सरकारी या निजी क्षेत्र में नौकरी पाने के दौरान परेशानी हो सकती है। यूजीसी की आधिकारिक सूची में उत्तर प्रदेश के चार संस्थानों के नाम दर्ज हैं।ये संस्थान गांधी हिंदी विद्यापीठ प्रयाग इलाहाबाद,नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूनिवर्सिटी ओपन यूनिवर्सिटी अचलतालअलीगढ़।भारतीय शिक्षा परिषद भारत भवन मटियारी, चिनहट फैजाबाद रोड, लखनऊ और महामाया टेक्निकल यूनिवर्सिटी महारिषि नगर सेक्टर 110, नोएडा हैं।ये चारों संस्थान यूजीसी की फरवरी 2026 में जारी फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल हैं।विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 22 के तहत भारत में डिग्री देने का अधिकार केवल कानून के तहत स्थापित विश्वविद्यालयों, धारा 3 के अंतर्गत डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा प्राप्त संस्थानों और संसद के विशेष कानून से अधिकृत संस्थानों को है। यूजीसी की वेबसाइट देखेंरूनहब.हवअ.पद पर जाकर मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों और फर्जी संस्थानों की सूची देखें। स्थापना से जुड़े दस्तावेज जांचें। पता करें कि संबंधित यूनिवर्सिटी केंद्र या राज्य सरकार के कानून के तहत स्थापित है या नहीं। मेडिकल के लिए एनएमसी लॉ के लिए बीसीआई, तकनीकी कोर्स के लिए एआईसीटीई की जरूरी मंजूरी जांचें।

ई-विद्या के पांच चौनलों से शिक्षा का हो रहा प्रसार

बालवाटिका से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को मिल रहे सीखने के अवसर

लखनऊ, संवाददाता। शिक्षा का उद्देश्य पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से प्रत्येक विद्यार्थी तक ज्ञान पहुंचाने के साथ–साथ सीखने के नए अवसर उपलब्ध कराना, शिक्षण को रोचक एवं गतिविधि ा आधारित बनाना और बेहतर शैक्षिक वातावरण तैयार करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को तकनीक से जोड़ने और डिजिटल माध्यमों से विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सामग्री पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पीएम ई–विद्या के पांच शैक्षिक चौनलों के माध्यम से बालवाटिका से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए कक्षावार एवं विषयवार कार्यक्रमों का प्रसारण किया जा रहा है। योगी सरकार की डिजिटल शिक्षा संबंधी पहल का उद्देश्य तकनीक को शिक्षण प्रक्रिया का उपयोगी सहयोगी बनाते हुए सीखने के अवसरों का विस्तार करना है। ई–विद्या के माध्यम से कक्षावार और विषयवार शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रसारण इसी दिशा में एक प्रयास है। विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों के साथ दृश्य–श्रव्य माध्यम से भी ज्ञान अर्जित करने का अवसर



मिल रहा है। संयुक्त निदेशक एसएसए डॉ. पवन सचान ने बताया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से संचालित इन पांच चौनलों को अलग–अलग कक्षा समूहों के अनुरूप व्यवस्थित किया गया है। चौनल संख्या 173 पर बालवाटिका से कक्षा दो तक, चौनल 174 पर कक्षा तीन से पांच तक, चौनल 175 पर कक्षा छह से आठ तक, चौनल 176 पर कक्षा नौ और दस तथा चौनल 177 पर कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक सामग्री प्रसारित की जाती है। इस व्यवस्था से विद्यार्थियों को अपनी कक्षा के स्तर और पाठ्यक्रम के अनुरूप शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक गणेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए तैयार कार्यक्रमों में भाषा और गणित की बुनियादी समझ विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। चौनल 173 पर प्री–प्राइमरी के बच्चों के लिए अपने शब्दों में कहना, संख्या की पूर्व अवधारणा और अक्षर जोड़कर शब्द बनाना जैसे विषय शामिल हैं। कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए चौनल 175 पर हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान और गणित के कार्यक्रम प्रसारित होते हैं। कक्षा नौ और दस के विद्यार्थियों के लिए चौनल 176 पर हिंदी, अंग्रेजी और गणित की सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। उच्च माध्यमिक स्तर पर चौनल 177 के माध्यम से कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों को रसायन विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र और अंग्रेजी जैसे विषयों की शिक्षण सामग्री उपलब्ध होती है। कार्यक्रमों में कक्षा 12 के लिए ठोस अवस्था, राष्ट्र–निर्माण की चुनौतियां और संरचनात्मक परिवर्तन जैसे विषय शामिल हैं। कक्षा 11 के विद्यार्थियों के लिए राजनीतिक सिद्धांत–एक परिचय, संविधान–क्यों और कैसे तथा अंग्रेजी का पाठ द टेल ऑफ मेलॉन सिटीश प्रसारित किया जाता है। इस प्रकार विद्यार्थियों को प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च माध्यमिक स्तर तक विभिन्न विषयों के अनुरूप डिजिटल शिक्षण सामग्री मिल रही है।डीजी स्कूल शिक्षा मोनिका रानी बोली,पीएम ई–विद्या के पांच शैक्षिक चौनलों के माध्यम से हमारा प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी कक्षा और विषय के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सामग्री उपलब्ध हो। डिजिटल प्रसारण से विद्यार्थी पाठ्यपुस्तकों के साथ दृश्य–श्रव्य माध्यमों से भी विषयों को सरलता से समझ सकेंगे और अपनी सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना सकेंगे।

एलयू में परीक्षाएं टलवाने के लिए लॉ स्टूडेंट्स का हंगामा

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ यूनिवर्सिटी एलयू में लॉ फैकल्टी के स्टूडेंट्स ने सेमेस्टर परीक्षाओं की तारीख आगे बढ़ाने की मांग को लेकर हंगामा किया। छात्रों का कहना है कि अभी तक कोर्स का सिलेबस पूरा नहीं हुआ है। इसके बावजूद दिसंबर में सेमेस्टर परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। साथ ही यूपीपीजीटी, सीटीईटी, यूजीसी, नीट और सुपर जेआरएफ जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तारीखें भी सेमेस्टर एग्जाम से टकरा रही हैं। ऐसे में छात्रों ने एग्जाम की नई डेट जारी करने की मांग की। छात्रों के हंगामे और धरना शुरू करने के बाद मौके पर पहुंचे प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों से उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई। कुछ देर बाद डीन, लॉ फैकल्टी और एडिशनल प्रॉक्टर ने संशोधित एग्जाम शेड्यूल जारी करने का आश्वासन दिया। इसके बाद छात्रों ने धरना स्थगित कर दिया। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर संशोधित परीक्षा तिथियां जारी नहीं की गईं तो वे कुलपति और परीक्षा नियंत्रक कार्यालय का घेराव करेंगे। स्टूडेंट्स ने कुलपति को प्रार्थना पत्र देकर सेमेस्टर परीक्षाएं 15 दिसंबर 2026 तक स्थगित करने की मांग की है। पत्र में तीन वर्षीय स्स्ठ के साथ बीए एलएलबी और बीबीए एलएलबी के स्टूडेंट्स की समस्या भी उठाई गई है। दूसरी ओर, तीन वर्षीय एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के स्टूडेंट्स ने डीन, फैकल्टी ऑफ लॉ को अलग से प्रार्थना पत्र दिया है। इसमें कहा गया है कि उनकी क्लास 7 सितंबर 2026 से शुरू हुई थी और करीब तीन महीने बाद ही 8 दिसंबर से सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू कराई जा रही हैं। पर्याप्त क्लास न चलने के कारण अभी काफी सिलेबस अधूरा है। ऐसे में परीक्षा कराना स्टूडेंट्स के साथ अन्याय होगा। स्टूडेंट्स का कहना है कि सेमेस्टर परीक्षाओं में शामिल होना अनिवार्य है, जबकि प्रतियोगी परीक्षाएं भी उनके करियर के लिए अहम हैं। कई प्रतियोगी परीक्षाओं के केंद्र दूसरे शहरों में आवंटित होते हैं। ऐसे में दोनों परीक्षाओं की तारीखें टकराने से छात्रों के सामने किसी एक परीक्षा को छोड़ने की नौबत आ सकती है। उन्होंने यूनिवर्सिटी प्रशासन से तारीखों में बदलाव कर राहत देने की मांग की है। यूनिवर्सिटी की ओर से 18 नवंबर को जारी एग्जाम शेड्यूल के अनुसार, तीन वर्षीय एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 8 से 21 दिसंबर और बीबीए एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 7 से 19 दिसंबर तक निर्धारित हैं।

इंडिया में एनडीए में भी सीट बंटवारे पर खींचतान

सहयोगियों ने मांगी 117 सीटें, भाजपा 60 से ज्यादा पर राजी नहीं

लखनऊ, संवाददाता। यूपी असेम्बली इलेक्शन 2027 की तैयारियों के बीच इंडिया गठबंधन ही नही बीजेपी के नेतृत्व में बने एनडीए गठबंधन में भी सीट शेयरिंग को लेकर पेंच फंसे हैं। इंडिया गठबंधन में सपा और कांग्रेस में सीट शेयरिंग को लेकर जहां दोनों दलों के लीडर मंथन कर रहे हैं। बैठक हो रही हैं तो एनडीए में भी मंथन चल रहा है। एनडीए में यूपी के सीएम और दोनों डिप्टी सीएम को समाधान की जिम्मेदारी मिली है।समस्या जटिल भले न हो लेकिन मान मनौव्वल तो स्वाभाविक ही है।बीजेपी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानि एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर अंदरखाने सियासी खींचतान कम तेज नही है। सीटों को लेकर केवल सहयोगी दलों की ही दावेदारी भाजपा के लिए चुनौती नहीं बनी है बल्कि पार्टी के भीतर भी इस मुद्दे पर एकराय नहीं है।सूत्रों की माने तो पार्टी में एक धड़ा सहयोगी दलों को 100 से अधिक सीटें देकर गठबंधन को व्यापक आधार देने का समर्थक है और दूसरा धड़ा इतनी बड़ी हिस्सेदारी देने के पक्ष में नहीं। दूसरे धड़े का मानना है कि सहयोगियों को पिछली बार की तरह सीमित और प्रदर्शन के आधार पर तय सीटें दी जानी चाहिए। ऐसे में भाजपा के सामने सहयोगियों की महत्वाकांक्षा और चुनावी समीकरणों के बीच संतुलन की चुनौती है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 376 सीटों पर चुनाव लड़ा था और उस समय अपना दल एस को 17 तथा निषाद पार्टी को 10 सीटें मिली थीं। राज्य की राजनीतिक परिस्थितियां बदली हैं। वर्तमान में राष्ट्रीय लोकदल रालोद और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी सुभासपा भी राजग का हिस्सा हैं, जिसके चलते भाजपा को चार प्रमुख सहयोगी दलों के साथ सीटों का तालमेल बैठाना है। सहयोगियों की अपनी राजनीतिक ताकत, जातीय समीकरण और पिछले चुनावों के प्रदर्शन को आधार बनाकर अधिक सीटों की मांग है। बताते हैं कि चारों दलों की सामूहिक दावेदारी 116 से 117 सीटों तक बताई गई है, जबकि इसके मुकाबले भाजपा 60 सीटों के आसपास सहयोगियों के समायोजन के मूड में है।रालोद और सुभासपा की भूमिका खास मानी जा रही है। 2022 के चुनाव में ये दोनों दल समाजवादी पार्टी के साथ थे, जहां रालोद ने 33 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे और सुभासपा ने 19 सीटों पर चुनाव लड़ा था। अब राजग में शामिल होने के बाद दोनों दल पुरानी चुनावी हिस्सेदारी को आधार बनाकर अधिक सीटें चाहते हैं। अपना दल एस और निषाद पार्टी भी पिछली बार मिली सीटों से कम पर समझौते के मूड में नहीं हैं। सहयोगी दलों का तर्क है कि उनके सामाजिक आधार और क्षेत्रीय प्रभाव का सीधा लाभ भाजपा को मिलता है, इसलिए सीटों के बंटवारे में इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। भाजपा के सामने अपना चुनावी गणित है। पार्टी का एक वर्ग मानता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रालोद और पूर्वांचल में सुभासपा तथा निषाद पार्टी के प्रभाव को देखते हुए पर्याप्त राजनीतिक हिस्सेदारी देना फायदेमंद हो सकता है।

संक्षिप्त

संविधान दिवस पर कांग्रेस निकालेगी संविधान रक्षा मार्च, खड़गे मार्च का करेंगे नेतृत्व

लखनऊ, संवाददाता। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को कांग्रेस लखनऊ में संविधान रक्षा मार्च निकालेगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मार्च का नेतृत्व करेंगे। मार्च प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से शुरू होकर हजरतगंज होते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक पहुंचेगा। इसके जरिए कांग्रेस संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संदेश देगी। साथ ही अपनी राजनीतिक ताकत भी दिखाएगी। मार्च की तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बैठक हुई। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी की मौजूदगी में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना, पूर्व सांसद पीएल पुनिया और सांसद तनुज पुनिया समेत अन्य नेता शामिल हुए। नेताओं ने मार्च में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की। संविधान दिवस के कार्यक्रम को लेकर पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के पीजीआई थाना क्षेत्र की वृंदावन योजना सेक्टर–12बी में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर 1.50 लाख रुपये नकद और सोने–चांदी के जेवर चोरी कर लिए। वारदात के समय मकान मालिक वैष्णो देवी दर्शन के लिए गए थे, जबकि उनकी पत्नी मायके में थीं। मोहल्ले के सीसीटीवी कैमरों में चार संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं। यूपी पुलिस में हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार साहू पत्नी आरती साहू के साथ वृंदावन योजना सेक्टर–12बी में रहते हैं। उनके छोटे भाई तरुण साहू निवासी घुसवल कला ने बताया कि प्रदीप वैष्णो देवी दर्शन के लिए गए थे और उनकी पत्नी मायके गई थीं। इसी दौरान चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया। तरुण के मुताबिक, पड़ोसियों ने फोन कर मकान के मुख्य गेट का ताला टूटने की जानकारी दी। वह मौके पर पहुंचे तो घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने जांच की। परिवार के मुताबिक, चोर घर से 1.50 लाख रुपये नकद, सोने की नाक की कील, चेन, कान के टॉप्स और चांदी के सामान ले गए। चोरी हुए चांदी के सामान में दो सिक्के और दो जोड़ी बिछिया शामिल हैं। घटना के बाद मोहल्ले के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। इसमें चार संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर उनकी पहचान करने में जुटी है।

पुलिस झंडा दिवस पर सीएम योगी ने पुलिसकर्मियों के साहस और बलिदान को किया याद

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में सोमवार को पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस बल के कर्तव्यपरायणता, अदम्य साहस, अनुशासन, त्याग और बलिदान के संकल्प को याद किया। वहीं, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने पुलिस कलर (झंडा) लगाया। इस मौके पर डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि 23 नवंबर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस को ध्वज और पुलिस कलर प्रदान किया था। उत्तर प्रदेश पुलिस देश का पहला पुलिस बल था, जिसे यह सम्मान प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि पुलिस झंडा दिवस हमें अपने कर्तव्यों, लक्ष्यों और उन उद्देश्यों की याद दिलाता है, जिन्हें हासिल करने के लिए पुलिस बल लगातार प्रयासरत रहता है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के सभी पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के प्रति आभार जताते हुए शुभकामनाएं दीं। डीजीपी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अपराधियों के मन में कानून का भय पैदा करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस बल इसी भावना और प्रतिबद्धता के साथ दोगुनी शक्ति से आगे भी अपने दायित्वों का निर्वहन करता रहेगा। पुलिस झंडा दिवस पुलिस बल के सम्मान, पहचान और गौरव से जुड़ा अवसर है। यह पुलिसकर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों और जनसेवा के संकल्प की याद दिलाता है। कानून–व्यवस्था बनाए रखने से लेकर नागरिकों की सुरक्षा तक, पुलिसकर्मी अलग–अलग परिस्थितियों में अपनी ड्यूटी निभाते हैं। ऐसे में यह दिवस उनके साहस, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर बनता है।

विद्यालयों में संविधान की पाठशाला, संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करेंगे विद्यार्थी

लखनऊ, संवाददाता। संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के आदर्श जब विद्यालयों की प्रार्थना सभा में बच्चों की सामूहिक आवाज बनेंगे, तो संविधान उनके लिए मात्र पाठ्यपुस्तक का विषय नहीं रहेगा। जीवन के मूल्यों को समझने का आधार भी बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व उत्तर प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को देश के संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक परंपराओं और संविधान निर्माण की गौरवशाली यात्रा से जोड़ने की विशेष पहल कर रही है। 26 नवंबर को प्रदेश के परिषदीय एवं माध्यमिक विद्यालयों में संविधान दिवस पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। विद्यार्थी और शिक्षक संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करेंगे, संविधान सभा के सदस्यों और उनके योगदान से परिचित होंगे तथा पोस्टर, चित्रकला, बुकमार्क, बैज और कोलाज जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से संविधान के विचारों को अभिव्यक्त करेंगे। संविधान दिवस के अवसर पर विद्यालयों में प्रातःकालीन प्रार्थना सभा को विशेष रूप दिया जाएगा। इसमें शिक्षक और विद्यार्थी एक साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन करेंगे। विद्यालयों में संविधान निर्माण की प्रक्रिया, संविधान सभा की भूमिका और उसके सदस्यों के योगदान पर परिचर्चा एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थियों को संविधान निर्माण से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों और महत्वपूर्ण प्रसंगों की जानकारी दी जाएगी।संविधान दिवस को विद्यार्थियों के लिए रोचक और सहभागितापूर्ण बनाने के उद्देश्य से पोस्टर, चित्रकला, बुकमार्क, बैज और कोलाज निर्माण जैसी गतिविधियां कराई जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चे संविधान के मूल सिद्धांतों, नागरिक अधिकारों, कर्तव्यों और राष्ट्रीय मूल्यों को अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के जरिए प्रस्तुत करेंगे। डीजी स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा किसंविधान दिवस विद्यार्थियों को देश के संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक आदर्शों से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है।

विधानसभा निर्वाचन 2027 की तैयारियों में जुटा प्रशासन, डीएम ने नोडल अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगर, 23 नवम्बर 2026। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2027 को सकुशल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता तथा मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला मजिस्ट्रेट ने समस्त नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय से बैठक कर समय से पूर्व सभी चुनावी तैयारियां पूर्ण कर लें।

निर्वाचन कार्यों के सुचारू संचालन के लिए जिला मजिस्ट्रेट ने विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। इसके तहत मुख्य विकास अधिकारी को मतदान कार्मिकों की व्यवस्था, प्रशिक्षण एवं स्वीप कार्यक्रमों की जिम्मेदारी दी गई है। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) और अपर पुलिस अधीक्षक को आदर्श आचार संहिता के अनुपालन तथा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा मिला है, जबकि एडीएम (वि./रा.) को क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन, वलन्रेबिलिटी मैपिंग, नाम निर्देशन प्रपत्र व विद्युत व्यवस्था भी देखनी होगी। वहीं, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) को मतपत्र, परिवहन, निर्वाचन सामग्री, डाक मतपत्र, ईडीसी व एमसीएमसी की व्यवस्था सौंपी गई है। इसके अलावा प्रभागीय निदेशक (सामाजिक वानिकी वन प्रभाग) को शिकायत प्रकोष्ठ व कंट्रोल रूम, सहायक आयुक्त सहकारिता को सी-विजिल, वरिष्ठ कोषाधिकारी को व्यय अनुवीक्षण व वेबकास्टिंग, जिला पंचायत राज अधिकारी को वीडियोग्राफी प्रबंधन, अपर उप जिलाधिकारी को ईवीएम/वीवीपैट व्यवस्था, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को दिव्यांग मतदाता सुविधा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को चिकित्सा व्यवस्था तथा अधिशासी अभियंता (लोनिवि प्रांतीय खंड) को टेंट, फर्नीचर और स्ट्रांग रूम की व्यवस्था का दायित्व दिया गया है।

बैठक में जिला मजिस्ट्रेट ने मतदान कार्मिकों, मास्टर ट्रेनरों, सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण कराने तथा मतदान में लगने वाले वाहनों की व्यवस्था एक दिन पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सी-विजिल ऐप और अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समयबद्ध निस्तारण किया जाए। आचार संहिता लागू होते ही नगरीय क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी राजनीतिक दलों के पोस्टर, बैनर, होर्डिंग व वॉल पेंटिंग हटवाएंगे। साथ ही, स्वीप कार्यक्रम के तहत आइकॉन बनाकर मतदाता जागरूकता बढ़ाने, सभी बूथों का निरीक्षण कर रैंप, शौचालय, बिजली व साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने तथा नामांकन, पोलिंग पार्टी रवानगी व मतगणना स्थल पर टेंट व बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर डीएफओ नीला एम., अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) संदीप कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञान प्रकाश, उपजिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, परियोजना निदेशक अनिल कुमार, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, एआरटीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, जनप्रतिनिधियों की शिकायतों का प्राथमिकता पर करें निस्तारणः विनय प्रकाश गोंड

जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति 'दृष्टि' की प्रथम बैठक में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा, अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश

हाटा एवं फाजिलनगर में ओवरब्रिज निर्माण से उत्पन्न जाम की समस्या का तत्काल समाधान कराने के निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर



कुशीनगर -: शासन के निर्देश के क्रम में जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति 'दृष्टि' (ऊ्घ्एऊघ) की प्रथम बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में माननीय विधायक रामकोला एवं समिति के अध्यक्ष श्री विनय प्रकाश गोंड की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में माननीय विधायक पडरौना श्री मनीष जायसवाल, फाजिलनगर के विधायक श्री सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा, हाटा के विधायक श्री मोहन वर्मा, तमकुहीराज के विधायक डॉ. असीम कुमार राय, कुशीनगर के विधायक श्री पी.एन. पाठक सहित विभिन्न विकास खंडों के ब्लॉक प्रमुख एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी/परियोजना निदेशक श्री पीयूष कुमार सिंह, उपायुक्त श्रम रोजगार श्री राकेश, उपायुक्त स्वतः रोजगार श्री फैसल आलम सहित समस्त संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान माननीय विधायक पडरौना द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरा खजुरिया एवं नरचोचवा में निर्मित पानी की टंकियों को दुरुस्त कराते हुए शीघ्र चालू कराने का मुद्दा उठाया गया। इस पर अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थापना के संबंध में माननीय विधायक पडरौना एवं फाजिलनगर द्वारा बाबूजी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत ग्रामीण बाजारों में स्थापित कराई गई सोलर स्ट्रीट लाइटों की ग्रामवार एवं स्थानवार सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का समुचित आकलन किया जा सके।

आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा के दौरान माननीय विधायक पडरौना ने शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन किराए का भुगतान समय से सुनिश्चित कराने की बात कही। वहीं, माननीय विधायक तमकुहीराज ने जिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यकत्रियों की तैनाती नहीं है, उनकी सूची उपलब्ध कराने तथा अमवाखास आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की अद्यतन स्थिति की सूचना उपलब्ध कराने को कहा गया।

स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में माननीय विधायक तमकुहीराज ने आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, सामुदायिक शौचालयों को सुचारु रूप से संचालित रखने तथा स्वास्थ्य विभाग को पूर्व में उपलब्ध कराई गई धनराशि से संबंधित सभी कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एंबुलेंस सेवाओं की समयबद्ध उपलब्धता पर भी विशेष निगरानी रखने को कहा, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय से स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

विद्युत विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए माननीय विधायक तमकुहीराज ने विभाग को उपलब्ध कराई गई धनराशि से प्रस्तावित एवं स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त समउर बाजार, महुअवा बाजार तथा ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में नालों की समुचित सफाई कराने पर जोर दिया, जिससे जल निकासी की समस्या उत्पन्न न हो।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जनपद की विभिन्न जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस पर अध्यक्ष महोदय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा संज्ञान में लाई गई समस्याओं पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी समस्या के संज्ञान में आने के बाद की गई कार्रवाई से संबंधित जनप्रतिनिधि को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए, ताकि समस्याओं के निस्तारण की नियमित निगरानी हो सके।

हाटा एवं फाजिलनगर में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के कारण उत्पन्न हो रही सड़क जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान आमजन को आवागमन में अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

बैठक के अंत में समिति के अध्यक्ष एवं माननीय विधायक श्री विनय प्रकाश गोंड ने सभी अधिकारियों को टीम भावना एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना प्रत्येक विभाग की जिम्मेदारी है। अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित कराएं। जनहित से जुड़े कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

अंत में अध्यक्ष महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों एवं अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सीएचसी शिलान्यास विवादः दोनों पक्षों ने ढेबरुआ थाने में दी तहरीर, नगरवासियों में घटना को लेकर रोष

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बढ़नी (सिद्धार्थनगर), 23 नवम्बर 2026। बढ़नी में विगत 21 नवंबर (शनिवार) को आयोजित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भवन के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद को लेकर अब दोनों पक्षों की ओर से ढेबरुआ थाने में तहरीर देकर एक-दूसरे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। पहले पक्ष से भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के गोरखपुर क्षेत्रीय सह-संयोजक प्रदीप कुमार (प्रदीप कमलापुरी) ने रविवार को ही ढेबरुआ थाने में तहरीर देकर छह नामजद और आधा दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की कोशिश तथा जान-माल की धमकी देने का आरोप लगाया है। उन्होंने अपनी तहरीर में आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने, कार्यक्रम स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों व वीडियो रिकॉर्डिंग की जांच करने तथा अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

वहीं, इस पूरे प्रकरण में दूसरे पक्ष से अनिल अग्रहरी ने सोमवार को ढेबरुआ थाने में प्रार्थना पत्र देकर विधायक विनय वर्मा पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए उनके, प्रदीप कमलापुरी व उनके समर्थकों सहित अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। अनिल अग्रहरी ने आरोप लगाया है कि कार्यक्रम के दौरान उनके और उनकी टीम के साथ गाली-गलौज व धक्का-मुक्की की गई तथा उनकी जेब से नकदी भी छीन ली गई। सोशल मीडिया के माध्यम से शुभचिंतकों को इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि पुलिस प्रशासन मामले की निष्पक्ष जांच कर उन्हें न्याय दिलाएगा। ज्ञात हो कि यह विवाद तब भड़का था जब कार्यक्रम में सांसद मौजूद थे, पर विधायक तब नहीं पहुंचे थे और केवल विधायक के समर्थन में एकतरफा नारेबाजी शुरू हो गई थी।

उधर, इस पूरे घटनाक्रम को लेकर बढ़नी नगर और आसपास के क्षेत्रवासियों में गहरा रोष व्याप्त है और लोग प्रदीप कमलापुरी के प्रति सहानुभूति जता रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे मामले की वास्तविक सच्चाई जांच का विषय है, लेकिन बढ़नी नगर में ही आयोजित कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित एवं पूर्व चेयरमैन राजकुमार गुप्ता के परिवार से ताल्लुक रखने वाले तथा राजकुमार गुप्ता के भाई, 59 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक प्रदीप कमलापुरी के साथ इस तरह की अभद्रता और धक्का-मुक्की होना बेहद निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। क्षेत्रवासियों का यह भी कहना है कि कार्यक्रम में भाजपा सांसद और एनडीए के ही सहयोगी दल अपना दल (एस) के विधायक जुड़े हुए थे, ऐसे में अपने ही गठबंधन के विधायक के पक्ष में नारे लगाने जैसी बात को लेकर एक स्थानीय वरिष्ठ नागरिक के साथ इस प्रकार का दुर्व्यवहार किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के साथ नवयुवकों एवं नवविवाहित महिलाओं के नाम प्राथमिकता से जोड़ेंः मंडलायुक्त

आयुक्त एवं डीआईजी की संयुक्त अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक संपन्न

मतदाता सूची में पात्र नागरिकों का नाम शामिल करने तथा दावे-आपत्तियों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर



कुशीनगर -: आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयुक्त, गोरखपुर मंडल इंद्र विक्रम सिंह एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, गोरखपुर परिक्षेत्र की संयुक्त अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ माननीय जनप्रतिनिधिगण तथा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडलायुक्त ने शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम शामिल कराने से वंचित न रहने पाए। विशेष अभियान के अंतर्गत 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नवयुवकों तथा विवाह के उपरांत क्षेत्र में आने वाली नवविवाहित महिलाओं के नाम प्राथमिकता के आधार पर मतदाता सूची में शामिल किए जाएं। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों का नाम भी मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि मृत मतदाताओं के नाम विलोपित करने से पूर्व नियमानुसार पर्याप्त नोटिस एवं निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जाए।

मंडलायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग (ण्ंघ) के पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए प्रेरित किया जाए। सुपरवाइजर प्रतिदिन प्राप्त होने वाले ऑनलाइन आवेदनों की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने दावे एवं आपत्तियों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा प्रत्येक आवेदन पत्र की गहन जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने विधानसभावार जेंडर रेशियो (लिंगानुपात) एवं ईपी रेशियो (तिंमदे इदजल्ल्ूग्दहल्ग्द) में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा।

इस क्रम में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में मतदाता साक्षरता क्लब (थ्ंब) के माध्यम से नए मतदाताओं को जागरूक किया जाए। जागरूकता अभियान में आशा, एएनएम एवं अन्य विभागों के क्षेत्रीय कर्मचारियों का भी सक्रिय सहयोग लिया जाए।इसी प्रकार स्वीप (एस्ैं) गतिविधियों के अंतर्गत ग्राम पंचायतों एवं सरकारी भवनों पर मतदाता जागरूकता संबंधी होर्डिंग लगवाए जाएं तथा नुक्कड़ नाटक, सास-बहू सम्मेलन सहित अन्य जागरूकता गतिविधियों में तेजी लाई जाए।मंडलायुक्त ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने बूथ लेवल एजेंट (ँ्ै) के माध्यम से बूथ लेवल ऑफिसर (ँ्ब्) से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा संचालित ट्विन बूथ एक्टिविटी की मंडलायुक्त ने सराहना करते हुए इसे एक अभिनव पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नवाचारों से मतदाता सूची में नए पात्र मतदाताओं के नाम शामिल कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पोलियो ड्रॉप पिलाने के लिए घर-घर पहुंचने वाली महिलाओं में बड़ी संख्या ऐसी होती है, जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जा सकता है। ऐसे पात्र लोगों को चिह्नित कर उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक ने निर्देशित किया कि संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं उपजिलाधिकारी संयुक्त रूप से मतदान केंद्रों का भ्रमण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लें। मतदान केंद्रों पर विद्युत, पेयजल, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ पुलिस बल के ठहरने की समुचित व्यवस्था का पूर्व में ही आकलन कर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा तस्करी, अवैध शराब, अवैध असलहों एवं वांछित अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।बैठक के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों पर विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में माननीय विधायकगण, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

संविधान दिवस पर लखनऊ में निकलेगी 'संविधान रक्षा यात्रा', सिद्धार्थनगर से पहुंचेंगे सैकड़ों कांग्रेसी : क़ाज़ी सुहेल अहमद

प्रातःकाल एक्सप्रेस



डुमरियागंज, 23 नवम्बर 2026। आजादी के बाद आज देश के संविधान, लोकतंत्र और नागरिकों के मताधिकार के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी हैं और एक वोट बचाना ही संविधान व लोकतंत्र की असली रक्षा है। यह बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष क़ाज़ी सुहेल अहमद ने सोमवार को हल्लौर स्थित कांग्रेस महासचिव आसिफ़ रिज़वी के आवास पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने बताया कि इसी संकल्प के साथ आगामी 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा लखनऊ में 'संविधान रक्षा यात्रा' निकाली जाएगी, जिसमें शामिल होने के लिए सिद्धार्थनगर जनपद से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता कूच करेंगे।

जिलाध्यक्ष ने जानकारी दी कि इस शांतिपूर्ण यात्रा का नेतृत्व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। यात्रा नेहरू भवन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ होकर हजरतगंज होते हुए बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर संपन्न होगी। प्रदेश स्तर पर इस अभियान की अगुवाई प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' और प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम कर रहे हैं। पत्रकार वार्ता में चुनाव आयोग की निष्पक्षता और कार्यप्रणाली पर पांच प्रमुख सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर की परिकल्पना के विपरीत आज चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव कर सरकारी बहुमत तय कर दिया गया है और फॉर्म-6 में बदलाव कर संसदीय अधिकारों की अनदेखी हो रही है।

क़ाज़ी सुहेल अहमद ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एंई) के नाम पर मतदाताओं के नाम काटे जाने और नागरिकता जांचने की प्रक्रिया पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देशभर में 13.39 करोड़ नाम काटे गए हैं और अकेले उत्तर प्रदेश की स्थानीय निकाय व विधानसभा मतदाता सूची में 3 करोड़ से अधिक मतदाताओं का अंतर है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न राज्यों में चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने के बाद अब आम जनता के सार्वभौमिक मताधिकार को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। अंत में उन्होंने सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और बुद्धिजीवियों से अपील की कि वे किसी दल विशेष के बजाय संविधान और अपने वोट के मौलिक अधिकार की रक्षा के लिए इस यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करें।

डीएम ने किया जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण, टोल-फ्री नंबर पर आने वाली शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगर, 23 नवम्बर 2026। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट गौरव सिंह सोगरवाल ने सोमवार को जिला निर्वाचन कार्यालय का औचक निरीक्षण कर वहां चल रहे कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य में तैनात कार्मिकों से संपादित किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा लिया और टोल-फ्री नंबर 1950 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों तथा उनके निस्तारण की स्थिति की जांच की।कार्यालय के कर्मचारियों ने जिला मजिस्ट्रेट को अवगत कराया कि हेल्पलाइन पर मुख्य रूप से मतदाता सूची में नाम जोड़ने और कटने से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही है। शिकायतकर्ताओं को 'ईसीआई-नेट' ऐप के माध्यम से स्वयं आवेदन करने अथवा संबंधित बीएलओ या उपजिलाधिकारी कार्यालय में संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज जमा कराने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने जनपद की सभी विधानसभाओं से प्रतिदिन मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करने के भी निर्देश दिए।

डिजिटल आतिशबाजी की रोशनी में जगमगाया महोत्सव, भव्य समारोह के साथ हुआ शुभारंभ

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। जनपद के ऐतिहासिक इटावा महोत्सव का रविवार को भव्य एवं रंगारंग आगाज हुआ। महोत्सव के शुभारंभ से पूर्व विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने फीता काटकर महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया।उद्घाटन समारोह में उप जिलाधिकारी सदर एवं प्रदर्शनी इटावा के जनरल सेक्रेटरी मनोज कुमार पाठक (पीसीएस), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मनोज प्रकाश (पीसीएस) तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बिपिन कुमार (पीसीएस) सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। महोत्सव के शुभारंभ के साथ ही पूरा परिसर उत्सव के रंग में सराबोर नजर आया। आकर्षक सजावट और रंग-बिरंगी रोशनी से सजे परिसर ने लोगों का मन मोह लिया। समारोह में डिजिटल आतिशबाजी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। डिजिटल माध्यम से आसमान और परिसर में बिखरे रंगों एवं रोशनी की मनमोहक छटा देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। डिजिटल आतिशबाजी ने उद्घाटन समारोह की भव्यता में चार चांद लगा दिए। महोत्सव जनपद की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत का प्रतीक है। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले इस महोत्सव का स्थानीय लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मनोरंजन के साधनों और विभिन्न आकर्षणों के माध्यम से शहरवासियों एवं दूर-दराज से आने वाले लोगों को उत्सव का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। भव्य शुभारंभ के साथ ही इटावा महोत्सव की रौनक शुरू हो गई। पूरे परिसर में उत्साह, उमंग और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

यातायात नियमों के प्रति जागरूक किए गए विद्यार्थी, एसपी सिटी ने दिए सड़क सुरक्षा के टिप्स

डीपीएस और बलराम सिंह इंस्टीट्यूट में आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम, हेलमेट व सीट बेल्ट के इस्तेमाल की दी सीख

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर बबिता सिंह ने डीपीएस और बलराम सिंह इंस्टीट्यूट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।डीपीएस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी सिटी बबिता सिंह ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, निर्धारित गति सीमा का पालन करना और यातायात संकेतों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की भी अपील की।इसके बाद काली वाहन मंदिर के पास स्थित बलराम सिंह इंस्टीट्यूट में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां विद्यार्थियों और अन्य लोगों को यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।एसपी सिटी ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।इस दौरान यातायात प्रभारी संजय कुमार सिंह, टीएसआई सूबेदार सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस ने नागरिकों से सुरक्षित वाहन चलाने, सतर्क रहने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

स्वाति कुमारी सेवाश्रम महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष काजल रावत शहर अध्यक्ष इटावा बनी



प्रातः काल एक्सप्रेस

इकदिल। सेवाश्रम की पूर्व निर्धारित बैठक श्री खाटूश्याम मंदिर परिसर इकदिल में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता सेवाश्रम प्रमुख चौधरी अमित त्रिपाठी एडवोकेट ने तथा संचलन जिला उपाध्यक्ष रामदास बाथम ने किया ।बैठक को संबोधित करते हुए सेवाश्रम प्रमुख ने कहा कि लक्ष्य जितना बड़ा होगा संघर्ष भी उतना कठिन होगा हम अपनत्व और सेवाभाव से समाज के अन्तिम व्यक्ति के साथ खड़े हों तब सेवाश्रम का स्वप्न साकार होगा बैठक में सेवाश्रम की कर्मठ लगनशील जुझारू कार्यकर्ता स्वाति कुमारी को महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष तथा काजल रावत एडवोकेट को नगर अध्यक्ष इटावा घोषित किया गया सेवाश्रम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष और नगर अध्यक्ष को अंगवस्त्र फूल मालाओं से स्वागत कर बाबा खाटू श्याम के प्रतीक चिह्न भेंट कर श्याम बाबा और सेवाश्रम के गगन भेदी नारे लगाये बैठक में आयोजन समिति के चेयरमैन रामनाथ राजपूत, मंदिर समिति के संगठन मंत्री शिव सिंह राठौर, कोषाध्यक्ष प्राची, निर्मला देवी शंखवार, शशिवाला चतुर्वेदी एडवोकेट, वकील सिंह पाल, अनिल तिवारी, राजनारायण दोहरे, टिंकल मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच करने पहुंची लखनऊ की टीम,व्यवस्थाओं का लिया जायजा



प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखने के लिए लखनऊ से आई स्टेट रिव्यू मिशन टीम ने क्षेत्र के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और छह आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण किया। टीम ने फफूंद, देवरपुर, सौंधेमऊ और ककोर पीएचसी के साथ चिरहुलिया, कोठीपुर, सल्हापुर समेत छह गांवों के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में व्यवस्थाएं देखीं। टीम के डा. आशुतोष वार्ष्णेय और शैलेंद्र मिश्रा ने मरीजों के रजिस्टर, दवाओं व इंजेक्शन की उपलब्धता और उनकी एक्सपायरी की जांच की। लैब, भवन रखरखाव, साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था भी परखी। अधिकारियों ने मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया। इस दौरान सीएमओ डा. संत कुमार, डिप्टी सीएमओ डा. ब्रजेश कुमार, सीएचसी अधीक्षक डा. विजय आनंद सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

डीएफसी लाइन पर दर्दनाक हादसा, मालगाड़ी से गिरे सरिये की चपेट में आने से महिला की मौत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

औरैया। अछल्दा थाना क्षेत्र के बैसोली गांव में डीएफसी रेल लाइन पर हुए हादसे में 40 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घर के पास स्थित रेलवे लाइन पर छोटे बेटे को देखने गई महिला के सिर में मालगाड़ी से टूटकर गिरा लोहे का सरिया लग गया। गंभीर हालत में परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।बैसोली गांव निवासी गीता देवी (40) पतने गजेंद्र सिंह अपने छोटे बेटे योगेंद्र को देखने के लिए घर के पास डीएफसी लाइन पर गई थीं। इसी दौरान ट्रैक से मालगाड़ी गुजरने लगी तो वह ट्रैक के नीचे खड़ी हो गईं। बताया गया कि मालगाड़ी गुजरते समय उससे टूटकर एक लोहे का सरिया नीचे गिरा और महिला के सिर में जा लगा। इससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ीं। मां को जमीन पर पड़ा देख बेटे योगेंद्र ने शोर मचाया। आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और महिला को सीएचसी अछल्दा ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को घर ले आए और शाम को अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका के दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

सेंट थॉमस स्कूल में रूबी जुबली समारोह की धूम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

40 वर्षों की गौरवशाली शैक्षिक यात्रा का भव्य आयोजन, मेधावी विद्यार्थियों और पूर्व शिक्षकों को किया गया सम्मानित





प्रातःकाल एक्सप्रेस

कानपुर। सेंट थॉमस स्कूल में विद्यालय की स्थापना के 40 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित रूबी जुबली समारोह 'सुविनियर्स एन रूबी' का दूसरा दिन उत्साह, उमंग और भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नाम रहा। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट और उत्सव के माहौल से सराबोर नजर आया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि इलाहाबाद धर्म-प्रांत के धर्माध्यक्ष आदरणीय डॉ. लुईस मस्करेन्हस ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर थॉमस कुमार ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रार्थना नृत्य और हिंदी स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। कक्षा आठ के विद्यार्थियों ने 'कलर्स ऑफ इंडिया' के माध्यम से देश की विभिन्न लोकसंस्कृतियों, परिधानों, लोकनृत्यों और परंपराओं का मनमोहक चित्रण किया। इस प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता का संदेश दिया।

जसवंतनगर में होटल-ढाबों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, कई जगह मिलीं खामियां

12 प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण, कृष्णा ढाबे पर नहीं मिला खाद्य कारोबार का लाइसेंस

प्रातःकाल एक्सप्रेस



इटावा। जसवंतनगर क्षेत्र में शनिवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने राजमार्ग, कस्बे और आसपास के इलाकों में संचालित होटल एवं ढाबों पर औचक छापेमारी कर निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई, पानी की गुणवत्ता, कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र और खाद्य पदार्थों के रखरखाव की व्यवस्था में कई खामियां सामने आईं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सागर ग्रांड होटल, लक्ष्मी होटल, सतनाम होटल, एसबी होटल, साई पुरविया होटल, ओम साई होटल, अपना ढाबा, विराट होटल, अशोका होटल, बृज मिष्ठान होटल एंड रेस्टोरेंट, लक्ष्मी ढाबा तथा कृष्णा ढाबा सहित कुल 12 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कृष्णा ढाबा में खाद्य कारोबार से संबंधित लाइसेंस अथवा पंजीकरण उपलब्ध नहीं मिला। वहीं लक्ष्मी ढाबा और सागर ग्रांड होटल में भी खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं नहीं पाई गईं। टीम ने संबंधित प्रतिष्ठानों में पाई गई कमियों को गंभीरता से लेते हुए संचालकों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि भान सिंह ने सभी संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों को तीन दिन के भीतर कमियां दूर करने की चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में सुधार नहीं किए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी। खाद्य विभाग की इस कार्यवाही से होटल और ढाबा संचालकों में हलचल रही। अब देखना होगा कि निरीक्षण के बाद प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा मानकों का कितना पालन सुनिश्चित हो पाता है।

ब्लैकआउट मॉक ड्रिल में परखी गई आपातकालीन तैयारियां, विभागों ने किया राहत-बचाव का अभ्यास

प्रातःकाल एक्सप्रेस



इटावा। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रविवार को थाना बकेवर क्षेत्र के बकेवर मुख्य चौराहे पर ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस, प्रशासन, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, एम्बुलेंस सेवा, नागरिक सुरक्षा, एनसीसी कैडेट्स एवं पुलिस डिजिटल वॉलेंटियर्स ने प्रतिभाग कर आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा, राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया। मॉक ड्रिल के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर अवनीश कुमार सिंह मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। अभ्यास के दौरान आग लगने की स्थिति में अग्निशमन दल द्वारा आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक उपचार देने, एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाने तथा राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया गया। पुलिस एवं यातायात पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था संभाली, जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों को चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने का अभ्यास किया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी वास्तविक आपदा या आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई करते हुए जनहानि को न्यूनतम करना रहा।

गोशाला में गोवंशों की मौत का सिलसिला जारी

हरा चारा न मिलने से सूखी करबी-पुआल के सहारे जी रहे गोवंश, एक की मौत, दो बीमार

प्रातःकाल एक्सप्रेस



औरैया। बिधूना ब्लॉक की ग्राम पंचायत पुरवा पीताराम स्थित गोशाला में गोवंशों की लगातार मौत और बीमार होने से व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गोशाला में गोवंशों की संख्या घटकर अब 69 रह गई है। दो दिन में दो गोवंश की मौत हो गई, एक गोवंश की हालत गंभीर बनी हुई थी। दो अन्य गोवंश भी बीमार बताए जा रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि गोशाला में गोवंशों को पर्याप्त हरा चारा नहीं मिल रहा है। उन्हें सूखी करबी और पुआल के सहारे रखा जा रहा है। इससे गोवंश कमजोर होकर बीमार पड़ रहे हैं। गोशाला में देखरेख के लिए तीन केयरटेकर तैनात होने के बावजूद व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हो पा रहा है। वहीं परिसर के आसपास गंदगी होने से साफ-सफाई की स्थिति भी खराब बताई जा रही है।

गोशाला में लगातार गोवंशों की मौत और बीमार होने की घटनाओं से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने गोवंशों के लिए पर्याप्त हरे चारे की व्यवस्था करने, नियमित साफ-सफाई कराने और बीमार गोवंशों का समय से उपचार कराने की मांग की है। इस संबंध में बीडीओ यदुवीर सिंह ने बताया कि गोशाला की व्यवस्थाओं की जांच कराई जाएगी। बीमार गोवंशों का उपचार कराने के साथ ही चारा और साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए जाएंगे।

पुलिस झंडा दिवस पर एसएसपी ने किया ध्वजारोहण, पुलिसकर्मियों को दिलाया कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प

पुलिस के गौरवशाली इतिहास, शौर्य, साहस और बलिदान को किया याद



प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने क्वार्टर गार्द पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा प्रेषित संदेश पढ़कर सुनाया और पुलिस झंडा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।एसएसपी ने पुलिस बल के गौरवशाली इतिहास, शौर्य, साहस, त्याग, बलिदान, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को याद करते हुए कहा कि पुलिस झंडा दिवस विभाग के लिए गौरव एवं सम्मान का प्रतीक है। यह दिवस सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने और जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही पुलिस बल की गरिमा, प्रतिष्ठा और गौरवशाली परंपराओं को बनाए रखें। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों ने जनसेवा के संकल्प को और मजबूत बनाने तथा पुलिस विभाग की गौरवशाली परंपराओं का निर्वहन करने का संदेश दिया।

छोटे व्यापारियों पर विजिलेंस की कार्रवाई नहीं होगी बर्दाश्त : प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह

2 दिसंबर तक सड़कें गड्ढामुक्त करने के निर्देश, टहरौली खास के सचिव को हटाने और डीएवी कॉलेज के अवैध निर्माण पर एफआईआर के आदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में विकास कार्यों एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें। पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ हर हाल में दिलाया जाए तथा अधिकारी जनप्रतिनिधियों से निरंतर संवाद बनाए रखें।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग और विजिलेंस टीम की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। महानगर अध्यक्ष सुधीर सिंह, विधायक बबीना राजीव सिंह पारीछा और विधायक गरौठा जवाहरलाल राजपूत ने विजिलेंस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। इस पर मुख्य अभियंता विद्युत ने आश्वासन दिया कि छोटे



व्यापारियों एवं उद्यमियों के प्रतिष्ठानों पर विजिलेंस की कार्रवाई नहीं की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने विद्युत समस्याओं का समय से समाधान करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम की शिकायत पर टहरौली खास के ग्राम विकास अधिकारी अजय पाल सिंह सेंगर को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। वहीं एमएलसी डॉ. बाबूलाल तिवारी द्वारा डीएवी इंटर कॉलेज में अवैध निर्माण का मामला उठाने पर प्रभारी मंत्री ने एफआईआर दर्ज कर प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। बुंदेलखंड कॉलेज सोसाइटी की कथित फर्जी सदस्यता की मजिस्ट्रेट से जांच कराने के निर्देश भी दिए।

प्रभारी मंत्री ने रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना में किसी भी प्रकार का पक्षपात बर्दाश्त नहीं करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी पात्र छात्राओं को योजना का लाभ मिले। साथ ही 2 दिसंबर तक जनपद की सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने और मतदाता पुनरीक्षण अभियान में किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न देने को कहा।

जिलाधिकारी गौरांग राठी की अभिनव पहलों की सराहना करते हुए प्रभारी मंत्री ने ग्राम पंचायतों में कचरा प्रबंधन, आंगनबाड़ी एवं विद्यालयों में नवाचार, खेलकूद और डिजिटल लाइब्रेरी जैसे प्रयासों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने पर्यटन की प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने तथा विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास में उन्हें आमंत्रित करने के निर्देश दिए।

बैठक में महापौर बिहारी लाल आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, विधायक राजीव सिंह पारीछा, जवाहरलाल राजपूत, एमएलसी रामतीर्थ सिंघल, डॉ. बाबूलाल तिवारी, महानगर अध्यक्ष सुधीर सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल, जिलाधिकारी गौरांग राठी, सीडीओ रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, नगर आयुक्त ए. सुदन, सीएमओ डॉ. शिशिर पुरी, एसपी ग्रामीण डॉ. अरविंद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रयागराज तीर्थ है, यहां की सेवा ही सबसे बड़ा धर्मः आचार्य हरि कृष्णा शुक्ला

शहर उत्तरी से दावेदारी के बीच बताया विकास का विजन, प्रयागराज में एम्स स्थापना का किया संकल्प

प्रातःकाल एक्सप्रेस



प्रयागराज। शहर उत्तरी विधानसभा से अपनी दावेदारी पेश करने के बाद आचार्य हरि कृष्णा शुक्ला ने अशोकनगर स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत में प्रयागराज के विकास को लेकर अपना विजन रखा। उन्होंने कहा कि तीर्थराज प्रयाग केवल शहर नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति और आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा, सुविधा और तीर्थ की गरिमा बनाए रखना सबसे बड़ा धर्म है।उन्होंने कहा कि प्रयागराज में कुंभ और अर्धकुंभ जैसे आयोजनों में देशभर से करोड़ों श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में तीथ्यात्रियों की सुविधाओं के साथ शहर का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता होगी। जनता का आशीर्वाद और पार्टी का भरोसा मिलने पर प्रयागराज में एम्स की स्थापना के लिए प्रयास करने के साथ सड़क, सफाई, पेयजल, शिक्षा, रोजगार और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में काम करेंगे।आचार्य ने कहा कि वह राजनीति को जनसेवा का माध्यम मानते हैं। शहर उत्तरी के प्रत्येक मोहल्ले और वार्ड में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनना और उन्हें सदन तक पहुंचाना उनका उद्देश्य रहेगा। उन्होंने प्रयागराज को बेहतर और सुविधायुक्त शहर बनाने का संकल्प दोहराया।

टैगोर पब्लिक स्कूल में पूर्व छात्र सम्मेलन-2026 आयोजित, पुरातन शिक्षकों का हुआ सम्मान

प्रातःकाल एक्सप्रेस



प्रयागराज। टैगोर पब्लिक स्कूल में पूर्व छात्र सम्मेलन-2026 का आयोजन उत्साह और आत्मीयता के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. आरके टंडन, प्रबंधक अमित खनन और प्राचार्य श्रीमती अर्चना तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। एलुमनाई कोऑर्डिनेटर शबाना हुसैन, विजय राय, आशीष कुमार एवं विद्यालय के शिक्षकों ने पूर्व छात्रों का स्वागत किया।एलुमनाई संगठन के अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी और उपाध्यक्ष रोहित खुराना ने अतिथियों का स्वागत किया। सचिव ऋषभ चतुर्वेदी और उपाध्यक्ष मनन तिवारी ने मंच संचालन किया।सम्मेलन में विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इनमें 88 वर्षीय श्रीमती निर्मला टंडन, श्रीमती गार्गी खनन, श्रीमती परविंदर कौर और श्रीमती पूर्णिमा बजाज शामिल रहीं। वहीं, विद्यालय के वर्ष 2005 बैच के पूर्व छात्र एवं सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट आशुतोष साहू को एलुमनाई सदस्यता से सम्मानित किया गया। विद्यालय के पूर्व छात्र विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों से संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। इनमें सिद्धार्थ जैन हाईकोर्ट में समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, जबकि पूर्व छात्र शुभम चोपड़ा शिक्षक बनकर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं।इस अवसर पर वर्ष 2001 बैच के विद्यार्थियों के विद्यालय से जुड़े 25 वर्ष पूरे होने पर प्राचार्य श्रीमती अर्चना तिवारी ने उनका विशेष सम्मान किया। सम्मेलन ने पूर्व छात्रों और शिक्षकों को पुराने दिनों की यादें साझा करने तथा विद्यालय से अपने जुड़ाव को फिर से मजबूत करने का अवसर प्रदान किया।

श्री भोले बाबा मंदिर का 27वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। दीनदयाल नगर के खातीबाबा क्षेत्र स्थित श्री भोले बाबा मंदिर का 27वां वार्षिकोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य रूप से सम्पनन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक आचार्यों द्वारा विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ के पूजन-अर्चन एवं महाभिषेक के साथ हुआ। मुख्य संयोजक मीना फूलचंद्र द्विवेदी ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।इसके पश्चात मंदिर में चल रही 'ॐ नमः शिवाय' की अखंड धुन का समापन हुआ।



इस अवसर पर संतों, आचार्यों, महंतों, विद्वानों एवं धर्मगुरुओं को शॉल ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद आयोजित भव्य भजन संध्या में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। संगीतमय भजनों पर भक्तों ने जमकर नृत्य किया। अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पं. चंद्रप्रकाश तिवारी ललुन महाराज मंडलाचार्य, आचार्य विनोद चतुर्वेदी महंत श्री गौड़ बाबा सिद्ध आश्रम, जितेंद्र द्विवेदी, नीलेन्द्र द्विवेदी, शैलेन्द्र द्विवेदी, लकी, रघुराई, केशव, कृष्णावतार पाण्डेय, नितिन चतुर्वेदी, प्रवीण शास्त्री, संदीप साहू एवं एच.पी. पटेल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन पं. सियारामशरण चतुर्वेदी, अध्यक्ष भागवत सत्संग मंडल प्रेमनगर, झाँसी ने किया। अंत में मुख्य संयोजक एवं पूर्व सभासद पं. फूलचंद्र द्विवेदी ने सभी अतिथियों, संतों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

795.56 लाख की लागत से बबीना विधानसभा में बनेंगे 17 सामुदायिक भवन, विधायक राजीव सिंह पारीछा की पहल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बबीना/झाँसी। बबीना विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक राजीव सिंह पारीछा के प्रस्ताव पर वर्ष 2022-26 के अंतर्गत 795.56 लाख रुपये की लागत से 17 सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। इनमें बबीना ब्लॉक के 12, बड़ागांव के चार और चिरगांव ब्लॉक का एक भवन शामिल है।

बबीना ब्लॉक के बबीना ग्रामीण, रसीना, डगरिया कला, घिसौली, बघौरा, पलौंदा, सुकुवां और खजराहा खुर्द सहित विभिन्न गांवों में भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। इनमें सिख समाज, नामदेव समाज तथा महारानी अवंती बाई लोधी और बाबू कल्याण सिंह के नाम से प्रस्तावित भवन भी शामिल हैं। बड़ागांव ब्लॉक के छपरा, आरी, जौरी बुजुर्ग और जरबो में भी निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। चिरगांव देहात में कुशवाहा समाज के लिए 164.59 लाख रुपये की लागत से भवन प्रस्तावित है।

विधायक राजीव सिंह पारीछा ने कहा कि बबीना विधानसभा उनका परिवार है। उनका प्रयास है कि कोई भी गांव सामुदायिक सुविधाओं से वंचित न रहे। विकास केवल सड़क और बिजली तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक ढांचे को मजबूत करना भी जरूरी है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित कराने की बात कही।

ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सामुदायिक भवन बनने से शादी-विवाह, सामाजिक समारोह, महिला समूहों की बैठक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए स्थायी स्थान उपलब्ध होगा। इससे गांवों में सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार होगा और सामाजिक गतिविधियों को नई मजबूती मिलेगी।

उत्तर मध्य रेलवे का पहला जनसंपर्क एवं मीडिया सेल झांसी मंडल में शुरू

वरिष्ठ पत्रकार मोहन 'नेपाली' ने किया उद्घाटन, रेलवे और मीडिया के बीच संवाद व समन्वय होगा मजबूत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। उत्तर मध्य रेलवे का पहला समर्पित 'जनसंपर्क एवं मीडिया सेल' झांसी मंडल में शुरू किया गया। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार की उपस्थिति में वरिष्ठ पत्रकार मोहन 'नेपाली' ने फीता काटकर नवनिर्मित सेल का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य रेलवे और मीडिया के बीच बेहतर संवाद, समन्वय एवं सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है।

नवनिर्मित सेल में पत्रकारों के बैठने, रेलवे अधिकारियों से संवाद करने और विभागीय जानकारियां प्राप्त करने की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यहां रेलवे की विकास परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं, नई तकनीकों और उपलब्धियों से संबंधित प्रमाणिक जानकारी एक ही स्थान पर मिल सकेगी।

मीडिया सेल डिजिटल प्रचार-प्रसार के केंद्र के रूप में भी कार्य करेगा। इसके माध्यम से रेलवे की गतिविधियों पर वीडियो, रील्स, फोटो स्टोरी सहित डिजिटल सामग्री तैयार कर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा की जाएगी।

इस अवसर पर डीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि रेलवे की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस केंद्र से पत्रकारों और रेलवे प्रशासन के बीच संवाद अधिक सहज एवं प्रभावी होगा।

बुंदेलखंड केसरी एवं जिला केसरी दंगल का भव्य शुभारंभ, पहले दिन पहलवानों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। जिला कुश्ती संघ, झाँसी के तत्वावधान में आयोजित प्रतिष्ठित बुंदेलखंड केसरी एवं जिला केसरी दंगल का रविवार 23 नवंबर को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मनमोहन गेड़ा, समाजसेवी रोहित पाण्डेय एवं डॉ. अशोक राय ने भगवान हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।

दंगल में बुंदेलखंड के विभिन्न क्षेत्रों सहित झाँसी के करीब 90 पहलवानों ने प्रतिभाग किया। सुबह 10 बजे से पहलवानों का पंजीकरण एवं वजन परीक्षण किया गया, जबकि दोपहर तीन बजे से रोमांचक मुकाबले शुरू हुए। प्रतियोगिता में बुंदेलखंड केसरी, बुंदेलखंड कुमार, जिला केसरी, जिला कुमार, वीर अभिमन्यु एवं बाल वीर केसरी सहित विभिन्न भार वर्गों में पहलवानों ने दमखम दिखाया। कई मुकाबलों में कड़ी टक्कर देखने को मिली।

पहले दिन के मुकाबलों में बाल केसरी वर्ग से साहिल (रसोई)



और अनमोल (बबीना) ने फाइनल में जगह बनाई। जिला कुमार वर्ग में महिला पहलवान कृतिका अहिरवार और तमनन समाधिया ने फाइनल में प्रवेश किया। वहीं जिला वीर अभिमन्यु वर्ग के सेमीफाइनल में सागर (डगरवाहा), तनिष्क (बबीना), लक्ष्य (झरना अखाड़ा) और ऋतिक (मिलान) ने स्थान बनाया।

मुख्य अतिथि पवन गौतम ने कहा कि बुंदेलखंड की धरती पर कुश्ती की गौरवशाली परंपरा रही है। स्थानीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं। अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा ने कहा कि जिला कुश्ती संघ का प्रयास है कि पहलवानों को बेहतर मंच और प्रोत्साहन मिले, जिससे वे प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

इस अवसर पर राष्ट्रीय मेडलिस्ट एवं कोच अशोक सोनकर जौनपुर, अंतरराष्ट्रीय कोच रामसजन यादव वाराणसी, राघवेंद्र चिरगांव, कपिल यादव पीटीआई, रामजन यादव चंदौली, कौशल कुमार चंदौली, चंद्रप्रकाश राय, हरिओम वर्मा, जसवंत सिंह, शौकत अली, संजय राय, बालाजी पहलवान बुंदेलखंड केसरी, दीनदयाल पहलवान, पंकज यादव, चैन सिंह यादव एवं रमाकांत पहलवान सहित अनेक कुश्ती विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त मोनी पहलवान, पीटर सैमुअल एनआईएस, जमुना प्रसाद कुशवाहा, नरेश राय, शुभ राय, रामकिशन निरंजन, बृजेंद्र यादव, अंकित राय, संजू, कृष्णा यादव, विजय यादव, अशोक अग्रवाल (पीएनबी), बलविंदर कौर पूर्व राष्ट्रीय पहलवान, डॉ. सुदर्शन शिवहरे एवं डॉ. मनमोहन मनु सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

दंगल का फाइनल मुकाबला 24 नवंबर को होगा। समापन समारोह में विजेता पहलवानों को नकद पुरस्कार, गदा, शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन के समन्वयक जिला सचिव हरविन्द कुमार रहे। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन बैदेही शरण सरावगी एवं सुंदर ग्वाला ने किया। अंत में आयोजन अध्यक्ष डॉ. अशोक राय ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं खेलप्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

बुंदेलखंड अब रोजगार देने वाला क्षेत्र बन रहा, युवाओं के लिए खुलेंगे नए अवसरः प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह

3008 युवाओं ने किया प्रतिभाग, 1673 अभ्यथिर्यों का प्राथमिक चयन, चयनित युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। बुंदेलखंड अब रोजगार की तलाश में पलायन करने वाला नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार देने वाला क्षेत्र बन रहा है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के आसपास डिफेंस यूनिटों और बड़ी कंपनियों की स्थापना से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह बात प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री तथा झाँसी के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित वृहद रोजगार मेले के शुभारंभ अवसर पर कही।उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा आयोजित रोजगार मेले का शुभारंभ प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि यह मेला झाँसी के युवाओं के लिए बड़ा मंच साबित होगा। युवाओं को उनकी योग्यता, अनुभव और क्षमता के अनुरूप रोजगार के अवसर मिलेंगे। सरकार बुंदेलखंड में स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जिससे युवाओं का पलायन भी रुकेगा।मंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड में बड़ी-बड़ी कंपनियां उद्योग स्थापित कर रही है। डिफेंस क्षेत्र में भी नई इकाइयां आने से रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। युवाओं को नौकरी के साथ स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने युवाओं से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने और मेहनत व लगन के साथ लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया।रोजगार मेले में 44 कंपनियों ने अपने पंजीकरण स्टॉल लगाए। इसमें कुल 3008 युवक-युवतियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 1673 अभ्यथिर्यों का प्राथमिक रूप से निःशुल्क चयन किया गया। प्रभारी मंत्री ने चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर एमएलसी रामतीर्थ सिंघल, महानगर जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल, जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, एडीएम प्रशासन अशोक कुमार गुप्ता, परियोजना निदेशक राजेश कुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी वसीम अहमद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवक-युवतियां उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डॉ. आसमां खान ने किया।

पुलिस झण्डा दिवस पर आईजी आकाश कुलहरि ने फहराया पुलिस ध्वज, जवानों को किया प्रेरित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर सोमवार को झाँसी परिक्षेत्रीय कार्यालय परिसर में पुलिस महानिरीक्षक आकाश कुलहरि ने पुलिस ध्वज फहराकर सलामी दी। इस दौरान उन्होंने पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन कर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुनाया।

कार्यक्रम के दौरान आईजी आकाश कुलहरि ने पुलिसकर्मियों की वर्दी पर झण्डा स्टीकर लगाकर उन्हें सम्मानित किया तथा कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और पूर्ण समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर आईजी ने पुलिस झण्डा दिवस के ऐतिहासिक महत्व और उसकी गरिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस झण्डा दिवस उत्तर प्रदेश पुलिस की गौरवशाली परंपराओं, शौर्य, बलिदान और राष्ट्र एवं जनसेवा के प्रति अटूट संकल्प का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश पुलिस का इतिहास साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल रहा है। उन्होंने पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य से ईमानदारी, अनुशासन, निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर गांव-गांव पहुंचे सुनील कुशवाहा, जरूरतमंदों को बांटे कंबल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बबीना। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर बबीना विधानसभा से दावेदारी कर रहे सुनील कुशवाहा ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने ग्राम सितौरा, बजेरा और बंगरा-बंगरी में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर गरीब, असहाय एवं बुजुर्ग लोगों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल प्रदान किए।कार्यक्रम के दौरान सुनील कुशवाहा ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने नेताजी के राजनीतिक जीवन, संघर्षों और समाज के कमजोर, पिछड़े एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद किया। सुनील कुशवाहा ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उनके विचार और जनसेवा की भावना हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। जरूरतमंदों की मदद करना और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही सच्ची मानवता है। कंबल वितरण के दौरान जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। ग्रामीणों ने इस सेवा कार्य की सराहना की।

पुलिस ध्वज दिवस पर एसएसपी विकास कुमार ने किया ध्वजारोहण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। पुलिस ध्वज दिवस के अवसर पर सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस लाइन में पुलिस ध्वज फहराकर सलामी दी। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ध्वज दिवस के ऐतिहासिक महत्व और गौरवशाली परंपराओं से अवगत कराया।एसएसपी ने बताया कि 23 नवंबर 1952 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने उत्तर प्रदेश पुलिस एवं पीएसी को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस ध्वज प्रदान किया था। यह सम्मान हासिल करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य पुलिस बल बना था।

जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की हुई बैठक

निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित करें

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान के निर्देशन में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा किया गया। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर समयसीमा के उपरान्त लंबित 06 प्रकरण कृषि विभाग के पाए गए। बताया गया कि सभी प्रकरणों का निस्तारण हो चुका है। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निवेश मित्र पोर्टल पर कोई भी प्रकरण निर्धारित समयावधि से बाहर लंबित न रखा जाए। नगर निगम के लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग से संबंधित देहरादून रोड पर राजवाहे की पटरी के निर्माण एवं चौड़ीकरण तथा अतिक्रमण



हटाने के प्रकरण में विशेष मरम्मत कार्य की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, निविदा की कार्यवाही की जा रही है। कार्य को जल्द कराने के निर्देश दिए गए। दिल्ली रोड फोरलेन बाईपास तक के क्षेत्र को थाना सदर बाजार के अंतर्गत किए जाने के प्रकरण में परिसीमन हेतु औद्योगिक संगठन एवं पुलिस विभाग को आपस में बैठक कर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। यूपीसीडा के प्रकरणों में प्रशासन से समन्वय स्थापित कर निस्तारण के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग के पोल हटाने संबंधी प्रकरण में पोलों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने तथा द्वितीय प्रकरण का माह दिसम्बर, 2026 तक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग के प्रकरण में उद्यमियों के साथ बैठक कराकर निस्तारण के निर्देश दिए गए। मे. एनपीएल लाइफ साइंस प्रा. लि., पिलखनी के प्रकरण में सभी मानकों को पूर्ण कराते हुए प्रकरण जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। लेज पार्क योजनान्तर्गत निजी औद्योगिक पार्क के संबंध में उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए।

तदुपरांत व्यापार बंधु की बैठक में जाम की समस्या के स्थायी समाधान हेतु व्यापारियों, ट्रैफिक पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त बैठक आयोजित करने, औद्योगिक क्षेत्रों में खराब एवं अनुपस्थित लाइटों को प्राथमिकता से दुरुस्त कराने तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर रिक्शा संचालन की सुव्यवस्थित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मयंक पाठक, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर अरूणेश कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी तथा लघु उद्योग भारती से वरुण अग्रवाल, आईआईए से अनुप खनन आदि प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुलायम सिंह यादव की जयंती पर निकाली पीडीए यात्रा

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर कस्बा चिलकाना-सुल्तानपुर में पीडीए योद्धा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत सपा नेता फरहाद गाड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पीडीए जनसंपर्क यात्रा निकालकर कस्बे में डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया।



इस दौरान फरहाद गाड़ा ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने आजीवन गरीबों, किसानों और शोषित-वंचित वर्गों के सम्मान एवं अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि पीडीए योद्धा संवाद कार्यक्रम लोगों के हक, सम्मान और भागीदारी की आवाज है। पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज को सामाजिक न्याय, सम्मान और समान अवसर दिलाना समाजवादी पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवाज उठाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर मोहम्मद अनस, शुभम धीमान, आशीष गुर्जर, शिवम वाल्मीकि, प्रद्युमन त्यागी, डॉक्टर वाजिद, पूर्व प्रधान मुकर्रम, फैसल कुरैशी, शाद इलाही, जुबैर गाड़ा सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम (चरण-3) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सीडीओ ने दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम (चरण-3) के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने विद्यालयों के चयन, प्रशिक्षण की कार्ययोजना एवं विभागों के समन्वय पर निर्देश दिए।

जनपद के 200 विद्यालयों में कार्यक्रम संचालित होगा। इसमें माध्यमिक शिक्षा के 100 विद्यालय, 60 निजी विद्यालय तथा 40 सरकारी एवं गैर-सरकारी महाविद्यालय शामिल होंगे। विद्यालयों में 3 से 4 घंटे का प्रशिक्षण होगा, जिसमें प्राथमिक उपचार, अग्नि सुरक्षा, सुरक्षित प्रवेश-निकास, बाढ़, भूकंप, आंधी-तूफान से बचाव तथा क्या करें और क्या न करें की जानकारी दी जाएगी।

विद्यार्थियों को सचेत ऐप, दामिनी ऐप एवं मौसम ऐप के उपयोग तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी जाएगी। जनपद में 300 से 500 विद्यार्थियों की सहभागिता से एक मेगा इवेंट स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण में विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों को भी सम्मिलित करने, संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने तथा कार्यक्रम की फोटोग्राफ, वीडियोग्राफ एवं डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

प्रदेशीय सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता के लिए मंडल स्तरीय चयन ट्रायल्स सम्पन्न, 14 खिलाड़ी चयनित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वावधान में प्रदेशीय सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता दिनांक 27 से 29 नवम्बर, 2026 तक अलीगढ़ में आयोजित की जा रही है। इसमें प्रतिभाग हेतु आज दिनांक 23.11.2026 को जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स सुशील कुमार, सचिव जिला कबड्डी संघ सहारनपुर एवं ईश्वर चन्द मुखिया के निर्देशन में डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर में सम्पनन कराया गया।

इस अवसर पर राहुल चोपड़ा, क्रीड़ाधिकारी सहारनपुर मण्डल, प्रवीन कुमार, सहायक प्रशिक्षक आदि खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजित मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स में चयनित खिलाड़ियों का विवरण निमनलिखित है।

क्र.सं. खिलाड़ी का नाम जनपद

01 ईशू कुमार सहारनपुर02 सौरभ सहारनपुर03 देवांश त्यागी मुजफ्फरनगर04 प्रिन्स वालियान मुजफ्फरनगर05 कुलतार मुजफ्फरनगर06 सावेज सहारनपुर07 रिषभ सहारनपुर08 अर्पित मुजफ्फरनगर09 यश तोमर शामली10 राना शामली11 वंश साठियान शामली12 सागर पंवार शामली13 आर्यन शामली14 देव सैनी सहारनपुर

आरक्षित खिलाड़ीक्र.सं. खिलाड़ी का नाम जनपद01 अजय पवार शामली02 आशीष शामली

मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के निर्देशन में जनपद में संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाभिमान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों, महिला उत्पीड़न से बचाव तथा किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में पुलिस एवं संबंधित विभागों से सहायता प्राप्त करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर ठगी, सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों से बचाव तथा साइबर अपराध होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने के बारे में जागरूक किया गया।

महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित विभिनन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए।

पीएम श्री विद्यालय बुढ़ाखेड़ा के भवन का लोकार्पण

प्रातः काल एक्सप्रेस



चिलकाना। सरसावा विकास क्षेत्र के ग्राम बुढ़ाखेड़ा स्थित पीएम श्री विद्यालय के नवनिर्मित भवन का सोमवार को विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी ने लोकार्पण किया। भवन का निर्माण विधायक के प्रयासों से कराया गया। समारोह में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कोमल, खंड शिक्षा अधिकारी अमरवीर, एआरपी एसोसिएशन के महामंत्री प्रवीण चौधरी, एआरपी मनमोहन शर्मा, आलमगीर,सहित शिक्षक, कर्मचारी और ग्रामवासी मौजूद रहे। नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी ने पीएम श्री योजना के तहत विद्यालय को मिली सुविधाओं और सरकार की शैक्षिक योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भवन से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण मिलेगा। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि नए भवन में विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त कक्ष, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। ग्रामीणों ने विद्यालय के विकास के लिए विधायक और शिक्षा विभाग का आभार जताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

शांति भंग की आशंका में 3 अभियुक्त गिरफ्तार, बीएनएसएस के तहत चालानी हुई कार्रवाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन चेकिंग एवं गश्त की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक मण्डी वीरेन्द्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में थाना मण्डी पुलिस टीम ने चेकिंग व गश्त के दौरान कार्रवाई की।

पुलिस टीम जब प्रताप नगर में पहुंची तो कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका के दृष्टिगत 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में 1. अलीम अहमद पुत्र शहीद अहमद निवासी इंद्रचौक मंसूर कालोनी थाना मंडी, 2. अरहान पुत्र अलीम अहमद निवासी इंद्रचौक मंसूर कालोनी थाना मंडी व 3. मो. कैफ पुत्र गुलबहार निवासी इंद्रा चौक मंसूर कालोनी थाना मंडी जनपद सहारनपुर शामिल है। इन्हें प्रताप नगर में आरा मशीन के सामने से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पीडब्लूयूडी की सड़क को ग्राम पंचायत का कार्य दर्शाने का आरोप, लाखों के भुगतान पर उठे सवाल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। रामपुर मनिहारान। ननौता ब्लॉक की ग्राम पंचायत मोरा में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के कथित दुरुपयोग का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव पर आरोप लगाते हुए भुगतान और विकास कार्यों के अभिलेखों की जांच की मांग की है। आरोप है कि पीडब्लूयूडी की ओर से पहले ही बनाई जा चुकी सड़क को ग्राम पंचायत निधि के अभिलेखों में दर्शाकर उसके नाम पर लाखों रुपये का भुगतान दिखाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि संदीप के घर से पंकज के घर तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण तथा शीशपाल के घर से विश्वास के घर तक सीसी सड़क के साथ नाली निर्माण का कार्य ग्राम पंचायत निधि से कराया जाना दर्शाया गया है, जबकि इन स्थानों पर पीडब्लूयूडी पहले ही सड़क बना चुका था। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि पहले से निर्मित कार्यों को दोबारा दिखाकर भुगतान किया गया है तो यह गंभीर वित्तीय अनियमितता हो सकती है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पंचायती राज विभाग से केवल कागजी अभिलेखों पर ही नहीं, बल्कि मौके पर भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है। साथ ही माप पुस्तिका (एमबी), बिल-वाउचर, स्वीकृति और कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और धनराशि की वसूली की मांग की है। इस संबंध में ग्राम सचिव अनुज कुमार का कहना है कि यह उनके कार्यकाल का काम नहीं है। वहीं ग्राम पंचायत अधिकारी सहारनपुर प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

थाना नांगल पुलिस ने चेकिंग व दबिश के दौरान 1 वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम यादव के कुशल नेतृत्व मे मुखबिर की सूचना पर थाना नांगल पुलिस टीम द्वारा चेकिंग व दबिश के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त बब्लू पुत्र कर्णपाल निवासी ग्राम रूपडी जुनारदार थाना नागल जनपद सहारनपुर को सम्बन्धित धारा 384/504/506 भादवि में ग्राम रूपड़ी जुनारदार से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

जिला कबड्डी टूर्नामेंट में नव जनोदय का रहा दबदबा



प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कमेटी के तत्वावधान में सेंट मैरी अकादमी में आयोजित जिला कबड्डी टूर्नामेंट में नव जनोदय इंटर कॉलेज की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पुरस्कार अपने नाम किए। अंडर-14 वर्ग की दोनों टीमों ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अंडर-16 वर्ग की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टूर्नामेंट में नव जनोदय इंटर कॉलेज की अंडर-14 की दो टीमों ने प्रतिभाग किया। पहली टीम का मुकाबला एसपीएल पब्लिकस्कूल गागलहेड़ी से हुआ, जिसमें नव जनोदय की टीम ने 15-10 से जीत दर्ज कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरी टीम ने एसआर पब्लिक स्कूल गागलहेड़ी को 7-4 से हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-16 वर्ग में नव जनोदय की टीम का मुकाबला महर्षि इंटर कॉलेज से हुआ, जिसमें टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. एके गुप्ता, सचिव मुस्तकीम अंसारी, टूर्नामेंट अध्यक्ष राजेंद्र कुमार तथा सचिव अमित कुमार ने विजेता एवं उपविजेता टीमों सहित कोच फैसल खान को पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट में शामिल सभी खिलाड़ियों के कॉलेज पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य श्याम कुमार सैनी, सुनील सैनी, अनिल कुमार, बिजेंद्र सिंह, शुभम आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

स्कूलों से छूटे बच्चों को फिर मिलेगी शिक्षा की राह, एआरपी होंगे प्रशिक्षित

तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण में नामांकन से लेकर बच्चों के ठहराव तक की बनेगी रणनीति

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। विद्यालयों से दूर हो चुके बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने पहल तेज कर दी है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), मंझनपुर में 23 से 25 नवंबर तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय शारदा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें सभी विकासखंडों के एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर शत-प्रतिशत नामांकन कराने के साथ ही उनकी नियमित उपस्थिति और पढ़ाई में निरंतरता सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षित एआरपी अपने-अपने विकासखंडों में शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। शिक्षक बच्चों का सर्वेक्षण, चिन्हांकन और नामांकन कराकर उनकी शैक्षिक जरूरतों के अनुरूप विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था करेंगे।

प्रशिक्षण के दौरान बच्चों के विद्यालय छोड़ने के कारणों, पारिवारिक एवं सामाजिक परिस्थितियों पर चर्चा की जा रही है। साथ ही अभिभावकों से संवाद, बच्चों को प्रेरित करने और नामांकन के बाद विद्यालय में ठहराव सुनिश्चित करने के व्यावहारिक तरीके बताए जा रहे है।

प्रशिक्षण में उच्च प्राथमिक स्तर पर एसआरजी ओपी सिंह, अनिल सिंह व चन्द्रभान सिंह और प्राथमिक स्तर पर मंदीप सिंह व ओम नारायण साहू मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दे रहे हैं।

कुपोषित बच्चों के परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ें : डीएम

एफआरएस के जरिए शत-प्रतिशत पोषाहार वितरण के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को पोषण सेवाओं में सुधार लाने तथा पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्भवती, धात्री महिलाओं और बच्चों को पोषाहार का वितरण शत-प्रतिशत फेस रिकगिन्शन सिस्टम (एफआरएस) के माध्यम से कराया जाए। एफआरएस में कमी पाए जाने पर बहुआ की बाल विकास परियोजना अधिकारी से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें समय से पोषाहार और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा नियमित निगरानी करने को कहा। आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की समीक्षा करते हुए उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को स्वीकृत केंद्रों का निर्माण तेजी से और गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। पूर्ण हो चुके केंद्रों का सत्यापन कर रिपोर्ट देने को कहा। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत केंद्रों को शेष मानकों से संतृप्त कराने को कहा।? जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की प्रोत्साहन राशि की फीडिंग पीएमएफएस पोर्टल पर समय से शत-प्रतिशत कराने, नए मानदेय का नियमानुसार भुगतान कराने और गृह भ्रमण बढ़ाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लंबित आवेदन तत्काल पूर्ण कराने और 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का विवरण पोषण ट्रैकर पर दर्ज कराने को कहा। एनआरसी में भर्ती बच्चों को मानक के अनुसार सभी सुविधाएं देने तथा सैम बच्चों के अभिभावकों को पात्रता के आधार पर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों और परिषदीय विद्यालयों में खराब पंखे, बिजली, स्विच और क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल जैसी कमियां दूर कराने को कहा।

चोरी का अनावरण, 1 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, इन्वर्टर व 460 रुपये बरामद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना गागलहेड़ी पुलिस ने चोरी की घटना का अनावरण करते हुए 01 वांछित अभियुक्त आसिफ पुत्र हयात निवासी कैलाशपुर को उग्राहु की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। कब्जे से चोरी गया 01 इन्वर्टर व 460 रुपये नकद बरामद हुए। दिनांक 10.10.2026 को वादी कफील खान निवासी कैलाशपुर ने तहरीर दी थी कि उसकी ट्यूबवैल जंगल ग्राम रसूलपुर पापडेकी से इन्वर्टर व फ्रिज का सामान चोरी कर लिया गया। इस पर मु.अ.सं. 302/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि चोरी अकेले ही की थी। फ्रिज का सामान कबाड़ी को बेच दिया था, बाकी पैसे नशे में खर्च कर दिए। इन्वर्टर बेचने निकला था, तभी पकड़ा गया।